लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी





दिलबरों सिर्फ एक गाना नहीं ........ | देवराकोंडा के साथ शादी .......

वर्ष : 11 | अंक : 262 | लखनऊ, 11 सितम्बर, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की पीएम मेलोनी से की बात

## भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते का समर्थन करने के लिए दिया धन्यवाद

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी से बात की। इस बातचीत में उन्होंने कहा कि दोनों ने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने की संयुक्त प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में इटली के समर्थन के लिए मेलोनी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने में साझा रुचि दिखाई।

पीएम मोदी ने कहा कि पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और IMEEEC पहल के माध्यम से संपर्क को बढ़ावा देने में इटली के सक्रिय सहयोग के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी को धन्यवाद दिया। यूरोपीय संघ के साथ समझौते का ज़िक्र उन खबरों के कुछ ही घंटों बाद आया है जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ से भारत पर व्यापक शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने वाशिंगटन में वरिष्ठ अमेरिकी और यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ एक बैठक की और वहाँ यह माँग रखी। इस प्रकाशन ने एक अनाम अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा कि हम अभी जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम ऐसा तभी करेंगे जब हमारे यूरोपीय साझेदार हमारे साथ आगे आएँगे।

## पीएम मोदी का यूपी-उत्तराखंड दौरा आज

### वाराणसी में मॉरीशस पीएम से करेंगे मुलाकात, बाढ़ का लेंगे जायजा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 सितंबर को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का दौरा करेंगे। वाराणसी में, प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की मेजबानी करेंगे, जो 9 से 16 सितंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। इसके बाद, प्रधानमंत्री देहरादून जाएँगे, जहाँ वे उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। ऐतिहासिक शहर वाराणसी में दोनों नेताओं के बीच यह बैठक स्थायी सभ्यतागत जुड़ाव, आध्यात्मिक बंधन और लोगों के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करती है, जिन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और अनूठे संबंधों को आकार दिया है। द्विपक्षीय चचाओं के दौरान, दोनों नेता सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वे स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, बुनियादी ढाँचे के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे और नीली अर्थव्यवस्था जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे। यह यात्रा मार्च 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस की राजकीय यात्रा से उत्पन्न सकारात्मक गति को और आगे बढ़ाएगी, जिसके दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुँचाया था।

# कब्जा मुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं कानूनी सबक: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को किसी दबंग द्वारा गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की स्थिति उसे तुरंत कब्जामुक्त कराने और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के बुधवार को निर्देश दिए। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर लगभग 200 फरियादियों से मुलाकात की और आश्वस्त किया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा, जो लोग किसी जमीन पर अवैध कब्जा करते हैं और कमजोरों को उजाड़ते हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा न जाए। उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकार संकल्पित है कि किसी के साथ अन्याय न हो और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने दबंगों द्वारा उसकी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न कर सके।

मुख्यमंत्री के समक्ष कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे। इस पर योगी ने आश्वासन दिया कि सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग अपने बच्चों के साथ पहुंचे थे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

# पड़ोसियों के बीच झगड़े का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: उच्चतम न्यायालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसियों के बीच बहस या हाथापाई जैसी घटनाएं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के दायरे में नहीं आतीं। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक महिला द्वारा अपनी पड़ोसी को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उसे कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सुनाई गई तीन साल की सजा को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 306 लागू करने के लिए यह आवश्यक है कि अभियुक्त ने आत्महत्या के लिए पीड़ित को उकसाया हो, सहायता की हो या उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित किया हो। पीठ ने कहा, यद्यपि अपने पड़ोसी से प्रेम करो एक आदर्श स्थिति है, लेकिन पड़ोस में झगड़े समाज के लिए कोई नई बात नहीं हैं। ऐसे झगड़े सामुदायिक जीवन में आम हैं। प्रश्न यह है कि क्या तथ्यों के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला बनता है? अदालत ने कहा कि वह इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी कि अपीलकर्ता और पीड़िता के परिवारों के बीच कहासुनी और तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद, अपीलकर्ता की ओर से आत्महत्या के लिए किसी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उकसावे की मंशा थी।

# सीपी राधाकृष्णन का नया सफर: 12 सितंबर को ले सकते हैं उपराष्ट्रपति पद की शपथ, राष्ट्रपति दिलाएंगी शपथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाएँगी। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 12 सितंबर को राष्ट्रपति भवन में एक औपचारिक समारोह में राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाएँगी। राधाकृष्णन मंगलवार के चुनाव में 767 में से 452 वोट हासिल करने और विपक्ष के बी. सुदर्शन रेड्डी को हराने के बाद भारत के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए थे। राधाकृष्णन को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपना होगा।



शपथ ग्रहण समारोह 12 सितंबर को प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के वरिष्ठ नेताओं संजय झा, राम मोहन नायडू और श्रीकांत शिंदे ने मंगलवार रात राधाकृष्णन से मुलाकात की। मामले से वाकिफ एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आज विपक्षी दलों के कुछ नेताओं सहित और भी नेताओं के उनसे मिलने की उम्मीद है। नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद, राधाकृष्णन ने कहा कि वह देश के विकास के लिए काम करना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को मिलकर काम करना होगा। अगर हम 2047 तक विकसित भारत चाहते हैं, तो हमें हर चीज में राजनीति नहीं करनी चाहिए। चुनाव खत्म होने के बाद, हमें राजनीति भूलकर विकास पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष और सत्ता पक्ष ?एक ही सिक्के के दो पहलू? हैं और लोकतंत्र में दोनों महत्वपूर्ण हैं। राधाकृष्णन नवंबर में शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र में राज्यसभा के सभापति का पदभार ग्रहण करेंगे। 68 वर्षीय राधाकृष्णन उस गहरे मतभेद वाली राज्यसभा की कमान संभालेंगे, जहाँ पिछले दो वर्षों में सभापति और विपक्ष के बीच अभूतपूर्व टकराव देखने को मिला है, जिसके परिणामस्वरूप स्वतंत्र भारत में किसी वर्तमान उपराष्ट्रपति के विरुद्ध पहली बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना को सीएम नीतीश की 1433 करोड़ की सौगात, छह विकास योजनाओं का शिलान्यास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना जिला अंतर्गत 1433 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से कुल 06 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने दीदारगंज एवं बाढ़ जाकर आयोजित कार्यक्रम स्थल से विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 1065 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से राज्य उच्च पथ संख्या 106- दीदारगंज फतुहा बख्तियारपुर-करजान पथ का 4-लेन में चौड़ीकरण, 9 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से बाढ़ के उमानाथ मंदिर परिसर के समीप श्मशान घाट का विकास और विद्युत शवदाह गृह के निर्माण कार्य तथा 249 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से बख्तियारपुर-बाढ़-मोकामा पथ के 45.70 कि०मी० अथमलगोला से मोकामा बाटा चौक तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है। साथ ही 11 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से बख्तियारपुर में हिदायतपुर एवं मंझौली के बीच घोबा नदी पर पुल का निर्माण कार्य, 67 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से बाढ़ के उमानाथ मंदिर परिसर का सौंदर्गीकरण एवं नागरिक सुविधाओं का विकास कार्य तथा 29 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बाढ़ वाटर ड्रेनेज का निर्माण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदारगंज से करजान तक फोरलेन पथ के चौड़ीकरण हो जाने से यातायात में सुविधा होगी। बख्तियारपुर में एलिवेटेड बाईपास तथा फतुहा में फ्लाईओवर बनने से लोगों का आवागमन और सुगम होगा। मुख्यमंत्री बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट भी गये और सीढ़ी घाट पर कराये जा रहे विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी ली।

# रायबरेली में राहुल गांधी के दौरे पर सियासी बवाल

## BJP कार्यकर्ताओं ने घेरा, योगी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रोका काफिला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



रायबरेली, लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद 29 अप्रैल को इस क्षेत्र का दौरा करने के बाद यह उनका पहला दौरा है। वह दिन में पहले लखनऊ पहुँचे, जहाँ उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहाँ से, वह सड़क मार्ग से रायबरेली पहुँचे।

हालांकि, जानकारी के मुताबिक रायबरेली में राहुल गांधी का काफिला रोका गया। भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर बैठे रहे। भाजपा ने महागठबंधन के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान राहुल गांधी वापस जाओ के नारे भी लगे। यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने बिहार में पीएम मोदी की मां को गाली दी...राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए और पीएम मोदी की मां को गाली देने वाले कार्यकताओं की निंदा करनी चाहिए और उन्हें निष्कासित करना चाहिए।

राहुल गांधी के कार्यक्रम में राजनीतिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क कार्यक्रमों का मिश्रण शामिल है। बाद में, वह डिडौली स्थित बटोही रिसॉर्ट में हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों से बातचीत करेंगे और उसके बाद लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर प्रगतिपुरम कॉलोनी के पास प्रजापति महासभा के एक समारोह में भाग लेंगे। रायबरेली शहर के गोरा बाजार में सम्राट अशोक स्तंभ का उद्घाटन करने और राही ब्लॉक के मुलिहामऊ गाँव स्थित अमर शहीद वीरा पासी वन ग्राम में पौधारोपण अभियान में भाग लेने का भी उनका कार्यक्रम है। बाद में शाम को, वह बटोही रिसॉर्ट में ऊँचाहार विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर के कार्यकताओं से मिलेंगे।

# प्रेमी जोड़े की हत्या के मामले में लड़की के माता-पिता और दादा को उम्रकैद

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

बदायूं , बदायूं जिले की एक स्थानीय अदालत ने इस साल की शुरूआत में एक प्रेमी जोड़े की हत्या के मामले में लड़की के माता-पिता और दादा को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) फराह मतलूब की अदालत ने मंगलवार को महेश, उसकी पत्नी भगवती और पिता राम अवतार को नीतू (19) और उसके प्रेमी जयपाल (20) की हत्या का दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव गुप्ता के अनुसार, गांव परौली निवासी महेश अपनी बेटी नीतू के जयपाल के साथ संबंधों से नाराज था। इसी साल दो जनवरी को महेश ने अपनी पत्नी और पिता के साथ मिलकर नीतू और जयपाल की हत्या कर दी। जयपाल के पिता सूरजपाल ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि दोनों परिवारों द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद नीतू और जयपाल एक-दूसरे से मिलते रहे।

# दिल्ली सरकार इहबास को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्जीवित करेगी : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी सरकार पूर्वी दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेज (इहबास) को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्जीवित करेगी। मुख्यमंत्री ने संस्थान का औचक निरीक्षण करने के बाद आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने इस महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थान की उपेक्षा की। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल प्रतिदिन 2,500 से 3,000 ओपीडी मरीजों को देखता है, लेकिन यहां मूलभूत जांच सुविधाओं की कमी है। उन्होंने कहा कि सरकार संस्थान में महत्वपूर्ण डायग्नोस्टिक अवसंरचना की व्यवस्था करेगी। गुप्ता ने कहा, ह्यह अस्पताल न सिर्फ दिल्ली, बल्कि एनसीआर के मरीजों को भी न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के लिए इलाज उपलब्ध कराता है। मुझे इहबास को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। यहां 2012 से एमआरआई मशीन नहीं है और सीटी स्कैन मशीन भी उपलब्ध नहीं है। एक्स-रे की सुविधाएं भी सीमित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस संस्थान के लिए नए भवन का निर्माण करेगी और चालू वित्त वर्ष में एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन जैसी जांच सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले अस्पताल के लिए एक नई ओपीडी का निर्माण किया जाएगा, जिसके बाद मुख्य इमारत का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विषम परिस्थितियों के बावजूद मरीजों का इलाज करने के लिए चिकित्सकीय टीम की सराहना भी की।

# हिमाचल प्रदेश में चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 586 सड़कें अवरुद्ध

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश कम हो गई है, लेकिनचार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित लगभग 600 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बुधवार शाम को कुल्लू में सबसे अधिक 216 सड़कें अवरुद्ध हैं, जबकि मंडी जिले में 150 सड़कें बंद थीं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में मौसम में सुधार के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग अटारी-लेह रोड (एनएच-3), ओल्ड हिंदुस्तान-तिब्बत रोड (एनएच 5), औट-सैंज रोड (एनएच-305) और अमृतसर-भोटा रोड (एनएच-503ए) समेत कुल 586 सड़कें बंद हैं। हिमाचल प्रदेश में 20 जून को मानसून की शुरूआत के बाद से बारिश से संबंधित घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में कुल 380 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य को अब तक 4,306 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# बिहार को मोदी कैबिनेट की 7500 करोड़ की सौगात

## विकास को मिली गति : वैष्णव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार में 7,500 करोड़ की एक रेलवे और एक राजमार्ग परियोजना को मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने कहा कि देश में बुनियादी ढाँचे के निर्माण की गति बेहतर हुई है। बुधवार को कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान वैष्णव ने कहा कि आज की कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बड़ी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। वैष्णव ने आगे कहा कि बिहार में बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर के 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड मोकामा-मुंगेर सेक्शन के निर्माण को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

कैबिनेट ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (177 किलोमीटर) के दोहरीकरण को मंजूरी दी है, जिसकी कुल लागत 3,169 करोड़ रुपये है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसमें 3,169 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली एक बेहद महत्वपूर्ण परियोजना भी है। अगर हम इस परियोजना को मानचित्र पर देखें, तो यह बिहार से शुरू होकर रामपुरहाट में झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है। अभी चलने वाली ज्यादातर ट्रेनें भागलपुर से मालदा टाउन और रामपुरहाट होते हुए हावड़ा जाती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस दोहरीकरण के बाद, कई ट्रेनें भागलपुर से दुमका और वहाँ से सीधे रामपुरहाट जा सकेंगी। कई पैसेंजर ट्रेनें, मेल एक्सप्रेस ट्रेनें इससे होकर गुजर सकेंगी और यह देवघर तीर्थस्थल को भी जोड़ती है। एक तरह से, दक्षिण बिहार को कोलकाता से जिस कनेक्टिविटी की जरूरत है, वह इस परियोजना से पूरी हो जाती है। वैष्णव ने कहा, दोनों परियोजनाएँ तीन वर्षों में पूरी हो जाएँगी। राजमार्गों और रेलवे निर्माण, दोनों की गति बेहतर हुई है।

मोकामा-मुंगेर खंड मोकामा, बड़हिया, लखीसराय, जमालपुर, मुंगेर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शहरों से होकर गुजरता है या उन्हें कनेक्टिविटी प्रदान करता है, जो भागलपुर से जुड़ता है। 82.4 किलोमीटर लंबी इस परियोजना का निर्माण हाइब्रिड एन्युइटी मोड (ल्लअट) के तहत ?4,447.38 करोड़ की पूंजीगत लागत से किया जाएगा। विज्ञप्ति में आगे कहा गया है, मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढाँचागत विकास संभव होगा।

विज्ञप्ति में कहा गया है, इन परियोजनाओं की योजना पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई है, जिसका उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है।

# रिकवरी एजेंट की हत्या करने वाले मालिक और उसके साथी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पत्नी से अफेयर के शक में मालिक ने कराई थी रिकवरी एजेंट की हत्या

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के दादूपुर में सोमवार रात रिकवरी एजेंट कुनाल शुक्ला (26) की हत्या प्रेम प्रसंग व पैसों के लेनदेन को लेकर की गई थी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के मालिक विवेक सिंह और उसके साथी वसीम अली खान को गिरफ्तार कर बुधवार को इसका खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए लोहे के सब्बल को बरामद कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। बताते चलें कि फैजाबाद (अयोध्या) के धनुआपुर निवासी अशोक शुक्ला रोडवेज में चालक हैं। उनका 26 वर्षीय बेटा कुनाल शुक्ला करीब चार वर्षों से बंथरा के दादूपुर स्थित न्यू डेस्टिन सिटी कॉलोनी में मां सुधा, बड़े भाई सौरभ और भाभी के साथ रहता था। पास ही दादूपुर निवासी विवेक सिंह ने गाड़ियों की रिकवरी के लिए ₹स्वास्तिक एसोसिएट₹ नाम से ऑफिस बना रखा है। विवेक के अंडर में कुनाल गाड़ियों की रिकवरी का काम करने के साथ ज्यादातर इसी ऑफिस में रुकता और सोता था। रोज की तरह मंगलवार सुबह बंथरा निवासी महिला संगम थारू ऑफिस की सफाई करने पहुंची तो आफिस खुला होने के साथ अन्दर कमरे में फर्श पर खून बिखरा पड़ा मिला। साथ ही दीवार और छत पर खून के छींटे लगी होने के अलावा कुनाल का शव दीवान पर पड़ा और उसका चेहरा बुरी तरह कुचला था। जबकि ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर गायब थे। यह सब देख संगम घबरा गई और उसने इसकी सूचना विवेक को दी। विवेक ने पुलिस और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उस दौरान मृतक की मां सुधा ने विवेक पर हत्या का आरोप लगाया, जबकि भाई सौरभ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के जल्द खुलासे के लिए अधिकारियों ने चार टीमें बनाईं। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक जांच शुरू की गई तो विवेक और उसका साथी वसीम संदिग्ध मिले। तब दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में मूल रूप से गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर व वर्तमान में सरोजनीनगर के गौरी में रहने वाले वसीम ने बताया कि विवेक ने मकान बनवाने और रुपये देने का लालच देकर उसे हत्या की साजिश में शामिल किया। पूछताछ में वसीम ने बताया कि 8 सितंबर की रात विवेक के कहने पर उसने कुनाल की हत्या की। घटनाक्रम के अनुसार विवेक ने पहले कुनाल को शराब पिलाकर सुलाया और रात करीब साढ़े नौ बजे वसीम को फोन कर इशारा किया कि ₹मौसम साफ है, खर्रा सो रहा है₹। इसके बाद वसीम ऑफिस पहुंचा और सोते हुए कुनाल के चेहरे पर लोहे के सब्बल से कई वार कर दिए। जिससे कुनाल की मौत हो गई। घटना अंजाम देने के बाद वसीम मृतक का मोबाइल लेकर कुछ दूर स्थित गिट्टी प्लांट पर पहुंचा। वहाँ विवेक पहले से मौजूद था। वसीम ने वहाँ पहुँच कर खून से सने कपड़े धोए और उन्हें पॉलिथीन में रखकर जंगल में बनी लैट्रिन में छिपा दिए, जबकि सब्बल पास की बाउंड्रीवाल पार फेंक दिया। साथ ही पकड़े जाने के डर से कुनाल का मोबाइल बहते नाले में फेंक दिया। वहीं विवेक ने पुलिस को बताया कि कुनाल उसकी पत्नी से बातचीत करता था, जिससे उसकी बदनामी हो रही थी। साथ ही पैसों के लेन-देन का भी विवाद था। इसी कारण उसने वसीम के साथ मिलकर कुनाल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। विवेक पहले भी 2012 में सरोजनीनगर क्षेत्र में हत्या के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल पुलिस ने वसीम की निशानदेही पर सब्बल, कपड़े और अन्य साक्ष्य बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है।

# एमएलसी नामांकन को लेकर सक्रिय हुई भाजपा



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आगामी शिक्षक एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सरोजनी नगर विधानसभा संयोजक व भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज सिंह चौहान ने अमावा स्थित श्री गांधी आदर्श विद्यालय का दौरा किया। वहाँ उन्होंने विद्यालय संरक्षक व भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कुंवर राजेन्द्र सिंह राजू से मुलाकात कर शिक्षकों के एमएलसी नामांकन फार्म भरवाए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों राधेश्याम सिंह, आर.पी. सिंह, संजीव गौतम, संतराम, अवधेश पाण्डेय, निर्मेश पाण्डेय, मयंक श्रीवास्तव, रीता देवी, देश दीपक वर्मा, नरेन्द्र कुमार यादव, शिवरात्रि वर्मा व काज़िम सुलेमान ने नामांकन प्रक्रिया में भाग लिया।

भाजपा संगठन के लोग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे, जिनमें खुशहालगंज मंडल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह चौहान, नवीन मंडल महामंत्री योगेश तिवारी तथा बूथ अध्यक्ष बृज मोहन शामिल थे। कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी ने शिक्षकों के बीच अपनी सक्रियता और समर्थन को मजबूत करने का प्रयास किया।

## सपा कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास, पुलिसकर्मियों ने पकड़ा; सट्टेबाजों से परेशान होकर उठाया कदम



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सपा कार्यालय के बाहर अधेड़ ने आत्मदाह किया प्रयास, वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। उसे तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि अलीगढ़ के कोतवाली स्थित भुजपुरा चौकी स्थित टीन वाली मस्जिद के पीछे निवासी योगेन्द्र उर्फ बाबी है। योगेन्द्र ने बताया कि उसके मोहल्ले के निवासी दानिश, वसीम, नाजिम पुत्रगण शमीम अहमद एवं मास्टर जो सट्टे बाजी का काम करते हैं, उनके द्वारा प्रार्थी से छह लाख रुपये ले लिए गए। मांगने पर गालियां देकर भगा देते हैं।

## युवक के हत्या मामले में आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस की तीन टीमें

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। क्षेत्र के गौतमखेड़ा गांव स्थित बांक नाले में मंगलवार सुबह मिले युवक के शव से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मोहनलालगंज के शंकर बक्शखेड़ा गांव 24 वर्षीय निवासी शनि रावत के रूप में हुई। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए सर्विलांस सहित तीन टीमें गठित कर दी हैं, जो नामजद आरोपियों के साथ ही अन्य संदिग्धों की भी तलाश कर रही हैं।

### प्रेम विवाह के बाद मिल रही धमकियों के बीच नाले में मिला था युवक का शव

प्रेम विवाह के बाद मिल रही थीं धमकियां मृतक शनि रावत ने प्रेम विवाह किया परिजनों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसे लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं इसी कड़ी शनि के पिता ने तहरीर देते हुए मस्तीपुर गांव निवासी जीतू यादव, देवेश यादव उर्फ बुग्गा व जीतू के साले संतोष यादव पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शनि की मौत पानी में डूबने और सिर पर चोट लगने की वजह से होना बताया गया है हालांकि रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो पाया कि मौत हादसा थी या हत्या इस कारण पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

निगोहां थानाप्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है जबकि गैर जनपद में भी दबिश दी जा रही है अब तक मृतक का मोबाइल फोन और बाइक बरामद नहीं हो पाए हैं जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीमें लगातार काम कर रही हैं कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और अन्य लोगों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है उन्होंने दावा किया कि जल्द ही पूरे हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

# वरिष्ठ पत्रकार के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर...

अमन लेखनी समाचार

निगोहा। निगोहा क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार सुनील त्रिवेदी के पिता 73 वर्षीय राजकुमार त्रिवेदी का मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया उनके आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई ।

राजकुमार त्रिवेदी पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और निगोहा कस्बे के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था मंगलवार की रात हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली बुधवार को उनके पैतृक निवास निगोहा में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।



निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक अखिलेश द्विवेदी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राजकुमार त्रिवेदी एक मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे उनका जाना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है इस दुख की घड़ी में हम सभी पत्रकार साथी सुनील त्रिवेदी और उनके परिवार के साथ खड़े हैं।प्रेस क्लब उपाध्यक्ष मोइन खान ने कहा कि त्रिवेदी परिवार ने हमेशा समाज और पत्रकारिता जगत को सहयोग दिया है राजकुमार जी का निधन हम सबके लिए बेहद दुखद है उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी वहीं निगोहा प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि वे हमेशा सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते थे उनका स्नेहिल स्वभाव उन्हें सबका प्रिय बनाता था इसी तरह कई अन्य सामाजिक कार्यकताओं पत्रकार साथियों और स्थानीय नेताओं ने भी अपनी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# स्कूली बच्चों को वितरित किए गए मुफ्त चश्मे



हाथों में चश्मा पकड़े स्कूल के बच्चे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मलिहाबाद में स्कूली बच्चों के लिए चल रहे दृष्टि दोष जांच व चश्मा वितरण कार्यक्रम को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय मुजासा, बाकी नगर और कसमंडी कला के कई बच्चों को आंखों की जांच के बाद मुफ्त चश्मे वितरित किए गए।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार दिवाकर ने बताया कि अब तक मुस्कान, अलशिफा बानो, नाजिया बानो, तहसीन नूरीन समेत कई बच्चों को चश्मे दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों में इस कार्यक्रम को लेकर जागरूकता बढ़ी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी जागरूकता की कमी है। बहुत कम ग्रामीण लोग आंखों की जांच के लिए अस्पताल पहुंचते हैं।

डॉ. शालिनी वर्मा ने इस अवसर पर नेत्रदान की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मृत्यु के 6 से 8 घंटे के भीतर नेत्रदान किया जा सकता है, जिससे किसी नेत्रहीन को नई रोशनी मिल सकती है। कार्यक्रम में डॉ. शब्बीर अहमद सहित सीएचसी का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

## ट्रैफिक पुलिस ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, आधे घंटे में खोया बैग मां-बेटी को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र आधे घंटे में छात्रा का बैग और 44,000 रुपये बरामद कर ईमानदारी की मिसाल पेश की। बताते हैं कि रायबरेली निवासी ममता द्विवेदी अपनी बेटी प्रिंसी को डिफेंस अकादमी में एडमिशन दिलाने मंगलवार सुबह कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचीं। इसी दौरान उनका काले रंग का बैग ई-रिक्शा में छूट गया, जिसमें नगद रकम और एडमिशन संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। बैग खोने से मां-बेटी निराश होकर पास की ट्रैफिक पुलिस चौकी पहुँचीं। सूचना मिलते ही ट्रैफिक कांस्टेबल गोविंद सिंह ने बाइक से ई-रिक्शा की तलाश शुरू की, जबकि होमगार्ड ध्यानचंद तिवारी ने पास के सभी रिक्शों की चेकिंग की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। टीएसआई अजमत अली भी मौके पर सक्रिय रूप से जुड़े रहे। टीम के समन्वित प्रयास से करीब आधे घंटे में बैग बरामद हो गया। पुलिस ने बैग और उसमें रखी पूरी रकम सुरक्षित हालत में मां-बेटी को सौंप दी। रकम वापस पाकर ममता भावुक हो गईं और पुलिस की ईमानदारी की सराहना की।



# फैक्ट्री से लोगों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। राजधानी में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर सख्ती बरतने के लिए प्रदेश सरकार समय-समय पर आदेश जारी करती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते मिलावटखोरी और गंदगी पर लगाम नहीं लग पा रही ताजा मामला रायबरेली रोड स्थित मोहनलालगंज के हरिकंशगढ़ी इलाके का है जहां पारुल बेकरी नाम से संचालित फैक्ट्री खुलेआम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही फैक्ट्री में रोजाना कई कुंटल बेकरी उत्पाद तैयार किए जाते हैं लेकिन खाद्य सुरक्षा के मानकों को पूरी तरह ताक पर रखकर उत्पादन किया जा रहा है फैक्ट्री के अंदर चारों ओर गंदगी का आलम है न तो सफाई की व्यवस्था है और न ही श्रमिकों के लिए सुरक्षा उपकरणों का इंतजाम कर्मचारी बिना किसी मानक का पालन किए खाद्य सामग्री तैयार कर रहे हैं जिसे बाद में बाजारों में सप्लाई कर दिया जाता है



स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री की हालत देखकर यह साफ है कि यहां तैयार हो रहे उत्पाद सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं बावजूद इसके संबंधित विभाग के अधिकारी अब तक चुप्पी साधे हुए हैं।

जब इस मामले में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीपी सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा मामले की जानकारी नहीं थी लेकिन शिकायत प्राप्त हुई है जल्द ही मौके पर टीम भेजकर सख्त कार्रवाई की जाएगी गौरतलब है कि राजधानी सहित पूरे प्रदेश में मिलावटी और असुरक्षित खाद्य सामग्री बेचने वालों पर समय-समय पर छापेमारी की जाती रही है इसके बावजूद मोहनलालगंज जैसे इलाके में इस तरह की फैक्ट्री का धड़ल्ले से चलना विभागीय मिलीभगत पर भी सवाल खड़े करता है स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को सील किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो।

# लखनऊ जिला संगठन का हुआ विस्तार

## पत्रकार सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) के जिला कार्यालय, वृंदावन योजना सेक्टर-6 सी, पीजीआई क्षेत्र में बुधवार को लखनऊ जिला संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव दिलीप शुक्ला और श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपु विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में लखनऊ जिला संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर मुकेश द्विवेदी को जिला संरक्षक, दिलीप कुमार मिश्र को जिलाध्यक्ष, आशीष कुमार तिवारी, हिमांशु रावत और अमन द्विवेदी को जिला महासचिव, रघुनाथ सिंह को जिला प्रभारी, जय शरण शुक्ला को जिला प्रवक्ता और विमल नारायण सिंह को जिला संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया।

जिला संगठन मंत्री के रूप में दिव्यांशु त्रिपाठी और नासिर बेग, जिला उपाध्यक्ष पद पर पार्थ कुमार, हरिओम दीक्षित, शैलेंद्र शुक्ला शीलू, सुमित पांडे सनी, जिला सचिव पद पर अरुण सिंह, आदित्य दीक्षित, अवनीश पांडे, चाँद मोहम्मद, अशोक मिश्रा, नीरज मिश्रा, सुशलेंद्र यादव, युवराज गौतम और शमशेर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके अतिरिक्त रोहित दीक्षित को जिला मीडिया प्रभारी, गौरव शुक्ला को आईटी सेल प्रभारी, एडवोकेट मुकेश सिंह को विधिक सलाहकार, रिंकू शर्मा को कोषाध्यक्ष, विनीत मिश्रा को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया। कई अन्य पदाधिकारियों को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिवा मिश्रा ने किया। नए पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संगठन जिले से लेकर गांव स्तर तक पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्र ने कहा कि लखनऊ जिला संगठन पूरी मजबूती के साथ कार्य करेगा। पत्रकारों की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। हर पत्रकार साथी के सुख-दुख में परिषद साथ खड़ी होगी और उनके अधिकारों की रक्षा करेगी। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग से जबरन धर्म परिवर्तन व शादी का प्रयास, परिवार ने लगाई एसीपी से गुहार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक द्वारा प्रेम जाल में फंसा कर जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का आरोप सामने आया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि युवक किशोरी को लंबे समय से परेशान कर रहा था, जिससे परेशान होकर पिता उसे लुधियाना ले गया। लेकिन युवक चार साथियों के साथ वहां पहुंचकर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। लुधियाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लोकेशन यूपी के लखनऊ जनपद की बताई, जिसके बाद पिता ने मलिहाबाद पुलिस से शिकायत की।

परिवार ने युवक पर अवैध असलहे से धमकी देने और मोबाइल पर जान से मारने की धमकी की फोटो भेजने का आरोप लगाया, लेकिन एक महीने से पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब मामला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज तक पहुंचा, तो उन्होंने तीन दिन का अल्टीमेटम देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस की निष्क्रियता पर बुधवार को महिला कार्यकताओं संग मलिहाबाद एसीपी कार्यालय पहुंचीं। एसीपी ने जल्द गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। नीलम सरोज ने चेतावनी दी कि न्याय न मिलने पर बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी।



एसीपी ऑफिस पर विरोध जताती महिलाएं

# यूपी में सॉल्वर विकास ने दी एक ही दिन 2 जगह दी परीक्षा, कोई नहीं पकड़ सका

पूछताछ में सुना दी इनसाइड स्टोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गौतमपल्ली पुलिस की गिरफ्त में आए साल्वर गिरोह के सगरना एमबीबीएस डाक्टर अमित के गिरोह ने एक नहीं, कई बार सिस्टम की आंखों में धूल झोंकी है। यह बात गिरोह के सदस्य और एक साल्वर से पूछताछ में सामने आई है। साल्वर विकास ने बताया कि उसने शनिवार को विकासनगर और रविवार को इंदिरानगर में अलग-अलग दो लोगों के लिए आसानी से प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) दी, लेकिन वह पकड़ा नहीं गया। रवीश के पकड़े जाने के बाद अब वह बिहार जाने की योजना बना रहा था, लेकिन वह पकड़ लिया गया। फिलहाल एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल की टीम जांच कर रही है। गौतमपल्ली पुलिस ने सोमवार को साल्वर गिरोह के सरगना मऊ के घोसी स्थित सोनाडीह निवासी डाक्टर अमित गुप्ता, बिहार के शेखपुरा निवासी रवीश कुमार और जमुई स्थित खैरा के निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विकास ने पूछताछ में बताया कि उसने दो दिनों में दो लोगों के स्थान पर परीक्षा दी थी। पहली परीक्षा शनिवार को विकासनगर स्थित निजी स्कूल में और दूसरी परीक्षा रविवार को इंदिरानगर स्थित सरकारी स्कूल में थी। वह हर बार अलग-अलग आधार कार्ड से केंद्र पर एंट्री लेता था और परीक्षा पूरी करने के बाद डाक्टर अमित गुप्ता को फोन कर जानकारी देता था।

# रहीमाबाद में स्लीपर बदलने का कार्य शुरू, शुक्रवार तक बंद रहेगा फाटक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा रहीमाबाद रेलवे फाटक संख्या 241 एसपीएल पर स्लीपर बदलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह मरम्मत कार्य 10 सितम्बर से आगामी 12 सितम्बर तक चलेगा, जिसके चलते यह फाटक पूरी तरह बंद रहेगा।

रेलवे विभाग के अनुसार, इस कार्य के दौरान पुराने और जर्जर हो चुके लकड़ी एवं स्टील स्लीपरों को हटाकर नए और मजबूत स्लीपर लगाए जाएंगे। इससे रेल संचालन अधिक सुरक्षित और सुचारू हो सकेगा। कार्य की अवधि में फाटक के दोनों ओर से सभी प्रकार के वाहन और पैदल यात्री आवागमन नहीं कर पाएंगे।

स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे कैथुलिया, दिलावर नगर और भारी वाहन संडीला बाई पास, मलिहाबाद और काकोरी के फाटक से आवागमन कर माल, इटौंजा, भरावन सहित अन्य क्षेत्रों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें। रहीमाबाद पुलिस ने भी यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक कर अन्य रास्तों से आवागमन करने की सलाह दी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है और नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की है। यदि मौसम अनुकूल रहा, तो निर्धारित समय से पहले भी फाटक खोल दिया जा सकता है।




रहीमाबाद फाटक शुक्रवार तक बंद

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से झूलता मिला महिला का शव

बीघापुर, उन्नाव। घर के अंदर महिला का शव फांसी के फंदे से लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गंगा सेवक खेड़ा मजरे खरौली निवासिनी सर्वेश कुमारी 38 वर्ष पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने बुधवार सुबह घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए परिजनो ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतका की एक 6 माह की पुत्री है जो बार-बार अपनी मां पास जाकर दूध पीने के लिए लिपटकर रोने लगती थी वही खड़े हुए लोग बच्ची को देखकर आंखों में आंसू आ गए पुलिस ने बताया कि मृत्यु का कारण पता नहीं चल सका पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### मांझे की चपेट से बाइक सवार युवक हुआ घायल

उन्नाव। शुक्लागंज क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक दुकानदार मांझे की चपेट में आ गया। गायत्री नगर, भातू फॉर्म शुक्लागंज निवासी प्रदीप कुमार शर्मा अंबिकापुर में कॉस्मेटिक की दुकान चलाते हैं। प्रदीप मंगलवार को दुकान के लिए सामान लेने कानपुर गए थे। वापसी में राजधानी मार्ग स्थित पाल ग्लास हाउस के पास मांझा उनकी गर्दन में लिपट गया। तेज रफ्तार में होने के बावजूद उन्होंने बाइक को नियंत्रित कर लिया। मांझे से गर्दन में चोट लगने के कारण खून बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया ।डॉक्टरों के अनुसार, गहरी चोट के बावजूद प्रदीप की स्थिति खतरे से बाहर है। घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं आम हैं। उन्होंने मांझे की बिक्री और प्रयोग पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्र की टीम को सतर्क कर दिया गया है। शहर में खतरनाक मांझे के प्रयोग और बिक्री पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायल प्रदीप का इलाज जारी है।

### विद्युत करंट की चपेट से युवक की मौत

सफीपुर, उन्नाव। घर के अंदर कमरा अंदर से बंद कर विद्युत बोर्ड ठीक कर रहा युवक विद्युत करंट की चपेट में आ गया काफी देर जब वो नहीं दिखा तो घर वालों ने कमरा बाहर से खट खटाया आवाज न आने पर परिजनो को किसी अनहोनी की शंका हुई तो दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो युवक बेहोशी की हालत में पड़ा था परिजन उसे सीएचसी लेकर आए जहां पर मौजूद डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक अविवाहित था चार भाइयों में सबसे छोटा था कोतवाली क्षेत्र के माथर गांव निवासी रामकुमार राठौर का 25 वर्षीय पुत्र जितेंद्र घर का कमरा अंदर से बंद कर विद्युत बोर्ड ठीक करने लगा तभी वो करंट की चपेट में आ काफी देर बाद परिजनो ने उसे आवाज लगाई तो कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़कर कर अंदर घुसे तो देखा वो अचेत अवस्था में पड़ा है जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लेकर आए जहां पर मौजूद डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# ब्लॉक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सुमेरपुर की ब्लॉक कार्यकारिणी एवम संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यसमिति के निदेर्शानुसार एवम् जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय के निर्देश के अनुपालन में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीआरसी सुमेरपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय सुमेरपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि ब्लॉक के समस्त शिक्षक जिलेभर के शिक्षकों के साथ सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्यता के फैसले के विरोध में आगामी 16 सितम्बर को बीएसए कार्यालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग करेंगे। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गुप-चुप तरीके से सेवा शर्तों में संशोधन और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से शिक्षक समाज हतप्रभ है। ब्लॉक मंत्री वरुण मिश्रा ने कहा कि शिक्षक के समक्ष आज आजीविका का संकट खडा हो गया है। ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह ने धरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को ठोस रणनीति बनाकर शिक्षक साथियों के साथ भारी संख्या में धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर विरोध किया जाएगा, जिससे केंद्र सरकार को आदेश वापस लेने के लिए मजबूर किया जा सके। बैठक में आगामी 16 सितम्बर 2025 को बीएसए कार्यालय पर सुप्रीम कोर्ट के टीईटी टीईटी अनिवार्यता के आदेश के विरोध को लेकर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गयी। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक मंत्री वरुण मिश्रा, संघर्ष समिति ब्लॉक अध्यक्ष देश दीपक पांडेय, रामकुमार, मणिशंकर तिवारी, राम मोहन यादव, महेन्द्र प्रताप सिंह, अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, संतोष कुमार यादव, राम देव यादव, हरिओम सिंह, दुर्गेश सिंह, गौरव सिंह,वंदना दीक्षित, रुचिता सिंह, सुमन सिंह, गायत्री देवी, सुमन सिंह, विक्रांत सिंह, रवि शंकर पाण्डेय, अंकुर शुक्ला, सर्वेश कुमार, आनन्द प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, , मनोज कुमार, शिव शंकर, , महादेव प्रसाद, सुशांत सिंह, सुमित कुमार, इंसान अली, समेत कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण एवम भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही

# गरीब बच्चों की शिक्षा, पर्यावरण और नशामुक्ति के लिए जनपद से सम्मानित होंगी तीन हस्तियां

अमन लेखनी समाचार



सब इंस्पेक्टर अनूप, शिक्षिका रचना और शिक्षक प्रदीप होंगे सम्मानित

उन्नाव। नव अंशिका फाउण्डेशन के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर सीजन-2 गोल्डन गाला अवार्ड 2025 का आयोजन कल 11 सितम्बर को लखनऊ के विराज खंड स्थित होटल क्लासियों कलेक्शन में किया जा रहा है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए संस्था द्वारा गोल्डन गाला अवार्ड एवं नव अंशिका प्राइड अवार्ड दिया जायेगा। सपना बाबुल का बिदाई में मुख्य किरदार निभाने वाली अभिनेत्री पारुल सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में रहेंगी। संस्था की फाउंडर और आयोजक नीशू त्यागी ने बताया कि गोल्डन गाला अवार्ड 2025 समारोह में उन्नाव के पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व , शिक्षिका डा.रचना सिंह और शिक्षक डा. प्रदीप कुमार वर्मा को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। ट्री मैन के नाम से प्रसिद्ध सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र को पिछले 25 वर्षों से गरीब बच्चों की शिक्षा, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदानों और समाज में अनवरत नवीन दिशा दिखाने के प्रयासों और सफल परिणाम देने हेतु गोल्डन गाला सम्मान से नवाजा जाएगा।कोरोना के कठिन दौर में भी समाज सेवा के क्षेत्र में उन्मुख राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ रचना सिंह कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत हैं। समुदाय से बेहतर संबंध स्थापित करने वाली शिक्षिका ने दैनिक अभिभावक सहभागिता नवाचार कर विद्यालय की छात्र संख्या बढ़ाने के साथ शिक्षा क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं और विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के सराहनीय कार्य किये हैं, इन सरोकार के लिए उन्हें नव अंशिका अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। शिक्षा के साथ साथ समाज में फैली हुई नशे जैसी गंभीर बीमारी के खात्मे के लिए व्यापक स्तर पर उत्तर प्रदेश नशामुक्ति आंदोलन चला रहे शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को यह सम्मान शिक्षा, बालश्रम रोकने और पर्यावरण के क्षेत्र में कठिन प्रयासों के साथ ही बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए गोल्डन गाला सम्मान दिया जाएगा।

# बदलते मौसम में सरकारी अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

अमन लेखनी समाचार

हिलौली, उन्नाव। बारिश और धूप के बदलते मौसम ने लोगों की सेहत को प्रभावित किया है। हिलौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे है मरीजों की कतार लम्बी से लम्बी देखी गई। अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम और वायरल बुखार की शिकायत लेकर आए। कई मरीजों में तेज बुखार के साथ कमजोरी की समस्या भी देखी गई। डॉक्टरों के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव से वायरल बुखार तेजी से फैल रहा है। पीएचसी प्रभारी डॉ. दीपक ने बताया कि बारिश के बाद अचानक तेज धूप से वायरल संक्रमण बढ़ा है। उन्होंने लोगों को साफ पानी का उपयोग करने की सलाह दी। दूषित भोजन से बचने और पौष्टिक आहार लेने को कहा। घरों के आसपास पानी न जमा होने दे। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से बीमारी के शुरूआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर से संपर्क करने की अपील की है। अस्पताल प्रशासन बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्था कर रहा है। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सतर्कता और सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।



# बाढ़ की चपेट से दर्जनों गांव पानी में डूबे आवागमन के लिए लगाई गई नाव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार सुबह जलस्तर 113.220 मीटर पहुंच गया। यह खतरे के निशान से 22 सेंटीमीटर ऊपर है। पिछले 24 घंटे में जलस्तर में 9 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। शहर के चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, इंद्रा नगर, रविदास नगर, श्री नगर, अवस्थी फार्म हाउस, गायत्री नगर, भातू फार्म और ठाकुर खेड़ा में सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सरैयां, लक्ष्मी खेड़ा, रजवा खेड़ा, पीपर खेड़ा डेरा, निहाल खेड़ा, पोनी, अखलॉक नगर, रतीराम पुरवा और त्रिभुवन खेड़ा समेत दर्जनों गांव पानी में डूब गए हैं ।जिला प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। राजस्व विभाग की टीम बाढ़ केंद्र पर तैनात है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रही है। लेखपाल अशोक सैनी के अनुसार लोगों के आवागमन के लिए 70 नावें लगाई गई हैं। कई मोहल्लों के लोग सड़क पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। प्रशासन की ओर से अभी तक प्रभावित लोगों को कोई राहत नहीं पहुंचाई गई है ।शुक्लागंज चारों ओर से पानी से घिर गया है, इसके बावजूद जिला प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं करीब तीस मोहल्लों में पानी भरा हुआ है। फिर भी जल पुलिस नदारत है। जिससे बाढ़ क्षेत्रों में घटनाएं हो सकती हैं ।गंगा का पानी ग्रामीण क्षेत्रों में भर गया है। जिससे ग्रामीणों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। कच्चे मकानों के लिये खतरा बना हुआ है। वहीं मुख्य मार्गे में पानी भरने से आवागमन भी बाधित हो गया है ।गंगा का पानी तेजी से शुक्लागंज में पहुंच रहा है। जिससे अब नगर के पॉश इलाके साकेतपुरी, नेहरू नगर और गोपीनाथपुरम के अलावा ऋषि नगर की ओर पानी पहुंच रहा है। राजीव नगर खंती की ओर से पानी सोताकर इन इलाकों में पहुंच रहा है।

# सड़क निर्माण में पुरानी ईंटे देख सभासद ने कार्य रुकवाया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आनंद नगर में अमृत योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क निर्माण में पुरानी ईंटों के इस्तेमाल का विरोध हुआ। वार्ड 26 में पुराने इंटरलॉकिंग ब्लॉक लगाए जा रहे थे। क्षेत्रीय सभासद प्रत्यय गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर कार्य रुकवा दिया। पिछले छह महीने से आनंद नगर की कई गलियां भूमिगत पाइपलाइन के कारण खुदी हुई थीं। गड्ढों और धूल से लोगों को परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने जल निगम और कार्यदायी संस्था से कई बार शिकायत की। सभासद ने भी अधिकारियों का ध्यान इस ओर खींचा। मंगलवार को जब ठेकेदार पुरानी इंटरलॉकिंग ईंटें लगाने पहुंचा, तो लोगों ने विरोध किया। उनका कहना था कि नई सड़क में पुरानी और टूटी-फूटी ईंटों का प्रयोग स्वीकार नहीं है। विरोध के बाद ठेकेदार ने काम रोक दिया ।कार्यदायी संस्था के सुपरवाइजर प्रेम शुक्ला ने आश्वासन दिया कि अब केवल नई ईंटों का उपयोग होगा। बुधवार से सभी गलियों में नई ईंटें बिछाने का काम शुरू होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं की सफलता के लिए जनता की जागरूकता जरूरी है। आनंद नगर में हुए इस विरोध के बाद अब जल निगम और कार्यदायी संस्था पर पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ काम करने का दबाव बढ़ गया है। क्षेत्रीय लोगों को उम्मीद है कि नई ईंटों से सड़क बनने के बाद उन्हें लंबे समय तक मजबूती और सुविधा मिलेगी।



# टीम की मौजूदगी में चलाया जा रहा है एफएलएन प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। ब्लॉक संसाधन केंद्र असोहा में एफ.एल.एन.-प्रशिक्षण आँचल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी, असोहा के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में चल रहा है। प्रतिभागी प्रशिक्षुओं एवं तकनीकी टीम की उपस्थिति में यह प्रशिक्षण संदर्भदाताओं प्रवीण कुमार, संतोष श्रीवास्तव, मनोज पटेल, हरिकिशोर मिश्र एवं रंजीता नायर द्वारा सकारात्मक, सहयोगात्मक, समावेशी वातावरण का सृजन करते हुए प्रदान किया जा रहा है।प्रशिक्षण में संदर्भदाताओं द्वारा रचनात्मक प्रेरक शैली में पाठों से संबंधित अभ्यास, उनकी विशेषताएं एवं उनसे विकसित होने वाली दक्षताओं के प्रति समझ, अकादमिक योजना, निपुण भारत मिशन के संशोधित लक्ष्यों, प्रशिक्षण-आधारित विषयवस्तु को प्रशिक्षकों की सहभागिता के साथ समझाया गया एवं विभिन्न प्रशिक्षण आधारित गतिविधियाँ कराई गईं। शैक्षिक सुधारों को संचालन करने की योग्यता हासिल करते हुए सक्षम एवं चिंतनशील शिक्षक की भूमिका के निर्वहन हेतु यह एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम है-प्रवीण कुमार, एआरपीएफ एल एन प्रशिक्षण कार्यक्रम में जयप्रकाश, शरद यादव, मोहिनी पटेल, पुष्प कुमार, सुप्रिया, रामाशंकर यादव, प्रवीण पाण्डेय, सुनील कुमार, उमेश मौर्य, प्रवीण कुमार, पारुल यादव, अवधेश कुमार, पंकज चौरसिया, गायत्री, सुमन, नीरज कुमार, स्मिता वर्मा, कुसमा देवी, गीता, सतीश कुमार, नारेन्द्र मिश्रा, शालिनी तिवारी, कल्पना, सुषमा बाजपेई,अनुपम पाठक, प्रेमलता, गिरीशा, कुसुम देवी, कंचन, संगीता ,विजय यादव, रमेश चन्द्र, ऊष्मा सिंह,प्रसून, संदीप कुमार, प्रीती सहित 100 शिक्षक व शिक्षामित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में चलाया गया चेकिंग अभियान



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में आबकारी व जीआरपी पुलिस की संयुक्त टीम ने उन्नाव रेलवे स्टेशन से होकर जाने वाली ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया।

# ब्लॉक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। भारत को टी वी रोग से मुक्ति दिलाने के लिए लोगों में इस रोग के प्रति जागरूक रहने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत ब्लाक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में ब्लाक के प्रधान , ग्राम सचिव आदि ने भाग लिया। जागरूकता अभियान कार्यक्रम में आए जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद यादव ने कहा कि गांव में यदि किसी व्यक्ति में काफी दिनों से खांसी आने, बलगम में खून आने, वजन घटने, कमजोरी आदि के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क कर जांच एवं इलाज कराएं। यह इलाज निःशुल्क मिलता है। टी वी रोग से मुक्ति के लिए पौष्टिक आहार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गिरीश कुमार ने बताया कि टी वी का उपचार सभी अस्पतालों एवं आरोग्य केंद्रों में निःशुल्क मिलता है। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार, स्वास्थ्य सहयोगी मनीष कुमार, यूनिसेफ की संजू झा ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी सतेन्द्र सिंह और ट्रेनर जनक सिंह तथा मनीष कुमार मौजूद रहे। इनलोगों ने टीवी रोग को रोकने के उपाय और सुझाव दिए जिससे देश को इस खतरनाक बीमारी से छुटकारा मिल सके।



# अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ एसडीएम ने की बैठक



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। एसडीएम ने नगर पंचायत के विस्तारीकरण योजना के तहत ईओ व सीमावर्ती गांवों के लेखपालों के साथ बैठक कर जनसंख्या, शहरी सुविधा एवं संसाधनों के विषय में विस्तार से चर्चा की। स्थानीय नगर पंचायत की सीमा विस्तार की जद में आने वाली सीमावर्ती ग्राम पंचायतों असेहरू, ऊंचगांव किला, कसरौर, टीकर खुर्द, तुसरौर, धिरजीखेड़ा, भदनांग, लंगरपुर और सेमरीमऊ की जनसंख्या एवं वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों के विषय में उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने ईओ तथा संबंधित लेखपालों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा की। इस दौरान लेखपालों ने क्षेत्र की जानकारियां साझा की। नगर की सीमा विस्तार के बाद शहरी सुविधा मुहैया कराने और कुल जनसंख्या पर भी चर्चा की गई। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने सभी जानकारियों का संकलन कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने की बात बताई। बैठक में ईओ संदीप सिंह, लेखपाल प्रशांत पाण्डेय, अरुण पटेल, नगर पंचायत लिपिक पंकज कुमार समेत कई क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चलाया श्रमदान व वृहद स्वच्छता अभियान




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य से अनुमति से आज राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना त्रिवेदी ने महाविद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया ।सभी छात्र-छात्राओं में उत्साह से बड़े हुए पेड़ पौधों की छंटाई की, टूटे-फूटे फर्नीचर,पत्थर और बोरियों को हटाया और सभागार के बगल के बरामदे को पूरी तरह से साफ कर दिया ।महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य सभी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। श्रमदान के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं में स्वल्पाहार किया।

# शव रखकर परिजनो ने किया विरोध प्रदर्शन मौके पर पहुंचे सपा जिलाअध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना दही क्षेत्र में नगर पालिका के कनिष्ठ सहायक सतीश प्रजापति ने मंगलवार को फांसी लगाकर जान दे दी। सतीश की उम्र 32 वर्ष थी और वह पीताम्बर नगर-2 के निवासी थे। मंगलवार को सुबह करीब 11:45 बजे सतीश ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची दही थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में सतीश ने नगर पालिका के ईओ संजय मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि भानू मिश्रा उर्फ प्रवीण कुमार मिश्रा, जलकल अभियंता विवेक वर्मा, सेवानिवृत्त कर्मचारी राम समुझ प्रसाद और सुरेंद्र विश्वकर्मा को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। उन्होंने लिखा कि ये सभी लोग उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे थे ।बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग की। सफाईकर्मी संगठनों ने दोषियों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि मामले की जांच सभी पहलुओं पर की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे नगर पालिका परिसर में शोक का माहौल है वहीं दोपहर बाद परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए गंगा तट पर लेकर चले गए



# जिला पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कलेक्ट्रेट में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण और सील किए गए केंद्रों की स्थिति पर चर्चा की गई। डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग परीक्षण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बीघापुर स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर के चिकित्सक की डिग्री फर्जी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को केंद्र संचालक और डॉक्टर से जवाब मांगने का निर्देश दिया ।सील किए गए अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित जांच की जाएगी। इसमें सीसीटीवी फुटेज और डीबीआर रिकॉर्ड की जांच शामिल है। आसपास की दुकानों से भी जानकारी ली जाएगी। केवल पंजीकृत डॉक्टर ही अल्ट्रासाउंड मशीन चला सकेंगे। नए पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले केंद्रों का गहन सत्यापन किया जाएगा। लिंग परीक्षण या अवैध गतिविधि पाए जाने पर केंद्र को तुरंत सील कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जनपद के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच के लिए मजिस्ट्रेट और जिला स्तरीय अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने के लिए सामूहिक प्रयास पर जोर दिया।

# परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल सभी छात्रों को शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर और उपहार देकर हौसला बढ़ाया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल सभी छात्रों को सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 चार वर्षों तक दिए जाता है। कुल 48000 रुपए छात्र को मिलते है। इस परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 8 के छात्र शामिल होते हैं। जिनको परीक्षा उत्तीर्ण होने पर कक्षा 9 से लेकर 12 तक अध्ययन के लिए 1000 प्रतिमाह दिया जाता है। पिछले कई वर्षों से पुरवा विकास खंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिगवां सदकू के छात्र अपना परचम लहरा रहे है। इस वर्ष भी कुल 6 छात्र सफल रहे थे। जिनका आज विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मिठाई खिला कर व उपहार देकर हौसला बढ़ाया गया। सफल छात्रों में महिमा, साक्षी सिंह, नैंसी, प्रियांशी, यशी यादव, आर्यन ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की इंचार्ज शिक्षक रहे श्री प्रकाश जी व सहायक शिक्षक शैलेंद्र वर्मा जी को दिया , छात्रों ने कहा किसी इन शिक्षकों के मार्गदर्शन और फॉर्म भरने से लेकर परीक्षा दिलाने तक का हर तरीके से मदद करने का परिणाम है कि हम सफल हुए है। सभी सफल छात्र छात्राओं ने आने वाली परीक्षा में शामिल हो रहे बच्चो को सफल होने के मूल मंत्र बताए।

## सम्पादकीय

# अदालतों में बेनकाब हो रही जांच एजेंसियों की विफलताएं

क्या हमारी जांच एजेंसियां कॉम्पिटेंट नहीं रह गई हैं। मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव ब्लास्ट केस की जांच में जिस तरह आरोपित बरी हो गए, उससे लगता है कि पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसी एजेंसियों ने सुबूत जुटाने में कानूनी बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया। आखिर घटना तो घटी है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में लोकल ट्रेन में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिसमें 178 से अधिक लोग मारे गए थे, उसी तरह मालेगांव ब्लास्ट में भी 7 लोग मारे गए थे व 93 लोग घायल हुए थे। जिन मामले में आतंकी कनेक्शन हैं, उसकी जांच में भी ऐसी लापरवाही आखिर क्यों? ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि एनआईए, सीबीआई, एसआईटी जैसी विशेषज्ञ जांचकर्ता वाली एजेंसियां अपने काम में कोताही बरतती होंगी, या उन्हें तकनीकी जांच का तरीका नहीं मालूम है। इसके बाद भी अगर आतंकी कनेक्शन वाले ब्लास्ट केसों में आरोपित बरी हो जा रहे हैं, हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे ही। आखिर अदालतों में जांच एजेंसियों की विफलताएं क्यों बेनकाब हो रही है? करीब 17 वर्ष पहले 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें भगवा आतंकवाद का जुमला कांग्रेस की तरफ से उछला था। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने इस मामले में अभियुक्त रहीं बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर व कर्नल पुरोहित समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी अभियुक्तों को निर्दोष करार देते हुए कहा, 'यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जिसमें आम नागरिकों की जान गई, लेकिन अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए निर्णायक सबूत पेश नहीं कर पाया।' न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, 'केवल शक के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं किए जा सकते।' अदालत की टिप्पणी जांच एजेंसियों के कामकाज की कलई खोलती है। अदालत ने ऐसी ही सख्त टिप्पणी मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में भी सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए की थी। मालेगांव ब्लास्ट किसने करवाया, 17 साल बाद भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है। इसी तरह मुंबई सीरियल ब्लास्ट के गुनहगारों का भी पता नहीं लगाया जा सका है। एक ही महीने में आए इन दो फ़ैसलों ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मालेगांव का मामला इसलिए भी अधिक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बड़ा बन गया, क्योंकि पहली बार ऐसी घटना में हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। इसके अलावा, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी धमाके की साज़िश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया था। वे उस समय भारतीय सेना में कार्यरत थे। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अभी कुछ ही दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सुप्रीम कोर्ट ने उसकी कार्यप्रणाली व कनविक्शन रेट को लेकर फटकार लगाई थी। ऐसा लग रहा है कि जांच एजेंसियां गंभीरता से तथ्यों के आधार पर काम नहीं कर रही हैं, परसेप्शन व शक को अधिक तरजीह दे रही हैं, शायद इसलिए केस अदालतों में नहीं ठहर रहे हैं। सरकार की ओर से लोकसभा में दिए गए आंकड़े के मुताबिक, ईडी की सफलता दर सिर्फ 0.13 फीसदी है 5892 मामले दर्ज किए, जिसमें 77% में साक्ष्य नही और केवल 8% दोषी करार दिए गए। पिछले दस सालों में ईडी ने राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से केवल दो में ही केस बने। जांच एजेंसियों को आत्मावलोकन करना चाहिए और मुंबई-मालेगांव ब्लास्ट के दोषियों का पता लगाना चाहिए।



रूस त्रासदी
प्रमोद भार्गव

# भूकंप-सुनामी दे रहे खतरनाक संदेश

> रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9 .0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

तीन साल से भी अधिक समय से यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस में 8.8 तीव्रता के भीषण भूकंप ने नई त्रासदी खड़ी कर दी है। रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। इसे समुद्री सुनामी कहा गया था। इस सुनामी से जापान के फुकुशिमा, दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र का कूलिंग सिस्टम निष्क्रिय करना पड़ा था। कामचटका में चार नवंबर 1992 को आए 9.0 तीव्रता के भूकंप के कारण भारी क्षति हुई थी। इस भूकंप से जनहानि इसलिए नहीं होने पाई, क्योंकि भूकंप क्षेत्र से रूस का बड़ा शहर पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्सकी लगभग 119 किमी की दूरी पर है। यहां की आबादी 18 लाख हैं।

भूकंप के बाद आने वाली सुनामी के खतरे से जापान, चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर के तटवर्ती देशों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जापानी और अमेरिकी भूकंप वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भूकंप की आरंभिक तीव्रता 8.0 थी, किंतु अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस तीव्रता का आकलन 8.8 किया और इसे 20.7 किमी भू-गर्भ से आना बताया है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केन्द्र के समन्वयक डेव स्नाइडर का कहना है कि सुनामी जैसी लहरों का प्रभाव कई घंटों या एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है। किंतु जब लहरें किनारे के निकट पहुंचती हैं, तब उनकी गति धीमी पड़ जाती है। किंतु किनारे पर इनके एकत्रीकरण से जल प्रलावन की आशंका बढ़ जाती है। इस कारण पानी की ये लहरें धरती पर पहुंचती हैं और आगे- पीछे होती रहती हैं। दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में हमारा भी हाथ होता है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मान्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। 2011 में जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चलता है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी



अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर हैं। जापान, इक्वाडोर और नेपाल समेत पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है,जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। जापान के कुमामोतो में आया भूकंप जमीन से 20 किमी और क्योटो का 10 किमी नीचे था। जबकि नेपाल में जो भूकंप आया था, वह जमीन से महज 15 किमी नीचे था। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगें जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। दरअसल, सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे भी आते हैं,लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है,इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती है। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

यूरोपीय देशों में दो शताब्दियों के भीतर बेतहाशा अमीरी बढ़ी है। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण इसी अमीरी की उपज है। यह कथित विकासवादी अवधारणा कुछ और नहीं, प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन कर, पृथ्वी को खोखला करने के ऐसे उपाय हैं, जो ब्रह्मांड में फैले अवयवों में असंतुलन बढ़ा रहे हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है।

अर्थव्यवस्था
राजेश माहेश्वरी



# डिजिटल भुगतान से आर्थिक विकास को मिली नई गति

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए एक नोट, 'बढ़ता रिटेल डिजिटल भुगतानः इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व' के अनुसार, भारत तेज भुगतान में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार एकीकृत भुगतान इंटरफेस है, जिसे यूपीआई के नाम से जाना जाता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने देश में लोगों के पैसे भेजने और प्राप्त करने के तरीके को बदल दिया है। आज, भारत में यूपीआई के माध्यम से हर महीने 18 बिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन होते हैं। यूपीआई अब केवल एक भुगतान प्रणाली नहीं है। यह सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में नवाचार के लिए एक वैश्विक मानक है। आज यूपीआई का स्तर उल्लेखनीय है। अकेले जून 2025 में, इसने 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान किए। इसके जरिए 18.39 बिलियन ट्रांजेक्शन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 बिलियन लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक साल में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यूपीआई प्रणाली अब 491 मिलियन लोगों और 65 मिलियन कारोबारियों को सेवाएं देती है। यह 675 बैंकों को एक ही मंच पर जोड़ती है, जिससे लोग बिना किसी चिंता के आसानी से भुगतान कर सकते हैं कि वे किस बैंक का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के डिजिटल भुगतान का दायरा अभूतपूर्व वृद्धि के साथ पूरी दुनिया में अग्रणी बन चुका है। इस डिजिटल भुगतान की लहर ने विशेष रूप से वंचित एवं ग्रामीण समुदायों के वित्तीय लेनदेन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-एनपीसीआई, फिनटेक कंपनियों, बैंकों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खास तौर पर टियर-2 और टियर-3 शहरों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू और कश्मीर जैसी पिछड़े और संवेदनशील क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती करने के लिए 2021 में आरबीआई ने पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड- पीआईडीएफ की स्थापना की। अब तक इस फंड के माध्यम से लगभग 4.77 करोड़ डिजिटल टच पॉइंट देशभर में तैनात किए जा चुके हैं। ये टच पॉइंट डिजिटल भुगतान की सुविधाओं को छोटे से छोटे गांव, कस्बा, सरकारी दफ्तर और व्यापारी केंद्रों तक पहुंचाने में सहायक हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की प्रगति को मापने के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक यानी आरबीआई—डीपीआई विकसित किया है, जो हर छह महीने में प्रकाशित होता है। यह सूचकांक मार्च 2025 तक 493.22 पर पहुंच गया, जो देशभर में डिजिटल भुगतान के अपनाने, बुनियादी ढांचे और प्रदर्शन में निरंतर बढ़ोत्तरी को दर्शाता है। यह संकेत है कि भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से सशक्त हो रहा है। यूपीआई की मदद से लाखों छोटे विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार कर पा रहे हैं, जिससे नकद लेनदेन की निर्भरता कम हो रही है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए कम-मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देना, टीआरईडीएस के माध्यम से छूट देने की व्यवस्था और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए व्यापारी छूट दर को युक्तिसंगत बनाना जैसे कदम डिजिटल भुगतान को अधिक सुलभ और लाभकारी बना रहे हैं। यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान का सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला माध्यम बना हुआ है। डिजिटल भुगतान की इस तेजी के साथ भारत ने खुद को एक अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी के रूप में स्थापित कर लिया है। डिजिटल रुपया और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान नेटवर्क के विकास से वित्तीय लेनदेन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्वरित होंगे। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म्स को और देश-विदेश में विस्तार देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भारत एक ग्लोबल डिजिटल पेमेंट हब बन सके। भारत यूपीआई को ब्रिक्स समूह में एक मानक बनाने के लिए भी प्रयास कर रहा है। अगर ऐसा होता है. तो इससे रिमिटेंस में सधार होगा

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। – कुणाल सिंह ठाकुर

## करंट अफेयर

### रूस के हमले में 31 लोगों की मौत के बाद कीव में शोक दिवस

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच बच्चों समेत 31 लोगों की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को शहर में आधिकारिक शोक दिवस मनाया गया। इस हमले में 150 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों में सबसे कम उम्र का पीड़ित दो वर्ष का था, तथा घायलों में 16 बच्चे शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2022 में शहर पर हवाई हमले शुरू होने के बाद से कीव पर एक ही हमले में मारे गए और घायल हुए बच्चों की यह सबसे अधिक संख्या है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी बमबारी से शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया



## ऑफ बीट

### नजरें मिलते ही भांप जाता, कुत्ता पढ़ सकता है आपका दिमाग

**लंदन।** कुत्ते एक शानदार साथी होते हैं क्योंकि आपने गौर किया होगा कि जब आप रो रहे होते हैं तो वे अपने सिर को थोड़ा झुका कर आपको सांत्वना दे रहे होते हैं... जब आप तनाव में होते हैं तो वे दबे पांव आपके समीप आ जाते हैं और जब आप बहुत परेशानी में होते हैं तो वे आपका कभी साथ नहीं छोड़ते। मनुष्य और कुत्ते के हजारों वर्षों के साथ का यह नतीजा है कि वे हमारी आवाज, चेहरे के भावों, यहां तक हमारे मस्तिष्क की रासायनिक गतिविधियों के साथ सामंजस्य कायम कर लेते हैं। लंदन साउट बैंक यूनिवर्सिटी ने अपने नए रिसर्च के बाद यह दावा किया है।



## ट्रेंड

### खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



देशभर के अन्नदाताओं के कल्याण और खाद्य सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बजट को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इससे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बढ़ावा मिलने के साथ ही हमारे किसान भाई-बहनों की आय भी बढ़ेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### तिलक को श्रद्धांजलि



देश की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले 'लोकमान्य' बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनके तेजस्वी विचार सभी देशवासियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शुरुआत अपने घर से



बड़े बदलाव की शुरुआत हमेशा अपने घर से ही करनी होती है और हमने यही किया है। आज पहले महिला एवं बाल विकास विभाग को साफ़ किया, कर्मचारियों को जागरूक किया। क्योंकि जब हम खुद बदलाव को जीते हैं तभी समाज को प्रेरित कर सकते हैं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### नशा विरोधी पाठ्यक्रम



'युद्ध, नशे के विरुद्ध' अब सिर्फ़ नारा नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। आज से पंजाब के स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नशा विरोधी पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## संक्षेप

### दुर्गा प्रतिमा स्थापना को लेकर शांति समिति की बैठक

**10 फीट से ऊंची मूर्ति नहीं, एसडीएम से अनुमति जरूरी; 100 लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया**

सुलतानपुर, अखंडनगर थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा प्रतिमा स्थापना को लेकर बैठक हुई। कादीपुर के तहसीलदार उमेश चंद्र यादव ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में तहसीलदार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिमा की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना से पहले कादीपुर एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित सीमा में ही करने का निर्देश दिया। सार्वजनिक आवागमन का रास्ता रुका नहीं हो, हाईटेंशन बिजली लाइन के नीचे मूर्तियां स्थापित नहीं की जानी चाहिए। किसी दुर्घटना से बचाव के लिए बिजली विभाग को तैयार रहते, विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में दोस्तपुर के नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा, निरीक्षक राघवेंद्र यादव मौजूद रहे।

### पुलिस की कार्यशैली से व्यापारी नाराज

**सुलतानपुर में डायल-112 के सिपाही पर पिस्टल दिखाने का आरोप; 5 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

सुलतानपुर, मोतिगरपुर में डायल-112 के एक सिपाही पर व्यापारी और उनके बेटे को धमकी देने का आरोप लगा है। व्यापारी अनिल पाठक की मोतिगरपुर पठखौली गांव में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। उनका बेटा सौरभ पाठक थाने गया था। वहां डायल 112 पर तैनात सिपाही रोहित कुमार ने सौरभ के साथ अभद्र व्यवहार किया। सूचना पाकर जब अनिल पाठक थाने पहुंचे, तो सिपाही ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया। सिपाही ने निजी पिस्टल दिखाकर गोली मारने और घर में आग लगाने की धमकी दी। घटना के बाद व्यापारी थाने पहुंचे और शिकायती पत्र दिया। पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मोतिगरपुर अध्यक्ष मुकुंद मिश्र के नेतृत्व में व्यापारी तहसील पहुंचे। उन्होंने सीओ जयसिंहपुर को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

### तहसील कादीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस

**217 शिकायतों में से 47 का मौके पर निस्तारण; डीएम ने दिए जल्द समाधान के निर्देश**

कादीपुर, कादीपुर तहसील सभागार में डीएम कुमार हर्ष ने संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कुल 217 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 47 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# भारत-नेपाल सीमा पर स्थिति सामान्य, नेपाल में सेना ने संभाली कमान

## नेपाल बाल सुधारगृह में हुई झड़प, 5 कैदी युवक की मृत्यु तथा 20 घायल, 80 फरार

### आईजी तथा मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल ने किया सीमा क्षेत्र का दौरा

अमन लेखनी समाचार

मो0 कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल के रुपईडीहा सीमा क्षेत्र में बुधवार को हालात लगभग सामान्य रहे। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपालगंज से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। नेपालगंज शहर में आम जनजीवन पटरी पर लौटता दिखा। लोग घरों से बाहर निकले और कुछ दुकानें भी खुलीं। ज्ञात हो कि मंगलवार की रात नेपाली सेना ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। इसके बाद जन आंदोलनकारी संगठन जेन जे ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तथा सेना से अंतरिम सरकार के गठन और जल्द चुनाव कराने की मांग की। सेना ने मंगलवार शाम 5 बजे से बुधवार सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लागू किया और जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।सेना के अनुसार रात्रि को कर्फ्यू जारी रहेगा। इसका असर यह रहा कि बुधवार को नेपालभर में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। सेना ने आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए टेबल पर आने का आग्रह किया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को हुई घटनाओं में सबसे बड़ा नुकसान तब हुआ जब देश की करीब 18 जेलों को तोड़ दिया गया और लगभग 6 हजार कैदी फरार हो गए। इससे नेपाल में अपराध बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इधर, नेपाल के हालात को देखते हुए देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील (आईएएस) तथा आईजी जोन देवीपाटन अमित पाठक ने सीमा क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि संदिग्ध व राजनीतिक तत्वों को भारत में प्रवेश न करने दिया जाए, केवल जरूरतमंदों को ही अनुमति दी जाए। फिलहाल उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) संयुक्त गश्त कर सीमा पर निगरानी रख रहे हैं। इसी बीच, नेपाल के जिला बांके अंतर्गत कोहलपुर के एक बालसुधार गृह से कैदियों के भागने के प्रयास के दौरान हुई झड़प में पांच कैदियों की मौत हो गई। घटना के दौरान कैदियों ने सुरक्षा कर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिस पर मुठभेड़ जैसी स्थिति बन गई। फायरिंग में पांच कैदी मारे गए, जबकि 20झ25 घायल हो गए। वहीं, करीब 80 कैदी फरार होने में सफल रहे। नेपाल के जानकारों का मानना है कि अगले 24 घंटे में हालात सामान्य पटरी पर लौट सकते हैं और राजनीतिक समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

# बीआरसी बाबागंज मे चल रहा शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण में बताई गई एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षण की नीतियां

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षामित्रों का एफएलएन व एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में आयोजित किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार मिश्रा, जितेन्द्र बहादुर, अभिषेक कुमार मौर्य व रवीन्द्र यादव ने प्रतिभागियों को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान के साथ-साथ एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण नीतियों व भारतीय ज्ञान प्रणाली की जानकारी दी गई। संदर्भदाता अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के आलोक में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सुनियोजित रणनीतियों की जानकारी दी गई। दो चरणों में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 100 शिक्षकों व शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए बीईओ राधेश्याम वर्मा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी शिक्षक, शिक्षामित्र इस प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का विद्यालयों में सम्यक उपयोग करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देंगे।

# प्रदेश सरकार के तोहफों से गदगद शिक्षामित्र

## विधायक अनुपमा जायसवाल व सुरेश्वर सिंह को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि तथा शिक्षामित्र व अनुदेशक परिवार को कैशलेस इलाज योजना से जोड़ने की घोषणा से प्रदेश भर के शिक्षामित्रों में खुशी और उम्मीद की नई लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष शिवश्याम मिश्रा के नेतृत्व में महसी विधायक सुरेश्वर सिंह और सदर विधायक अनुपमा जायसवाल को माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिक्षामित्रों ने इस अवसर पर अपनी पुरानी लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग दोहराई। प्रांतीय प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की हाल में शिक्षामित्रो के मानदेय वृद्धि कैशलेश योजना से जोड़ने की घोषणाओं ने वर्षों से संघर्षरत शिक्षामित्रों के मनोबल को ऊँचा किया है और उनके भीतर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रवक्ता ने विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आभार और अभिनंदन संदेश भी प्रेषित किया। कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, एवं जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह ने किया इस अवसर पर अध्यक्ष शिवपुर जीत कुमार यादव, अध्यक्ष तेजवापुर प्रदीप अवस्थी, अध्यक्ष हुजूरपुर गिरीश जायसवाल, पुष्पा श्रीवास्तव, सतीश यादव, ममता मिश्रा अंजू मौर्य नीतू पांडे सहित सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे।



# आयुक्त व डीआईजी ने सीमा क्षेत्र रूपईडीहा का किया भ्रमण

- सीमा क्षेत्र की स्थिति का लिया जायजा
- सुरक्षा एजेन्सियों को सतर्कता व चौकसी बरतने के दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील व डीआईजी अमित पाठक ने भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि सीमा पर चौकसी व सतर्कता बनाये रखें। आयुक्त व डीआईजी ने सुरक्षा एजेन्सियों को यह भी निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की जाय। सीमा पर आने वाले किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाये। आयुक्त व डीआईजी ने एसएसबी मुख्यालय अगैय्या में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सुरक्षा एजेन्सियों को निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आने वाली सभी चौकियों एवं चेकपोस्ट के साथ-साथ सभी संवेदनशील स्थानों पर निरन्तरता के साथ पेट्रोलिंग की जाये। आयुक्त व डीआईजी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसे नजरअंदाज न करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करें। भारतीय सीमावर्ती क्षेत्रों में पूरी तरह से स्थिति सामान्य होने पर आयुक्त व डीआईजी ने संतोष व्यक्त करते हुए सुरक्षा एजेन्सियों के अधिकारियों को पूरी सतर्कता व चौकसी बरतने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, कमाण्डेण्ट एसएसबी 42वीं बटालियन गंगा सिंह उदावत, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा चौहरी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 5 वर्षीय बालिका पर जंगली जानवर ने किया हमला, मौत



## मौके पर पहुंचे आला अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच, कैसरगंज। तहसील कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम मजरा परागपुरवा मंझारा तौकली में आदम खोर भेड़िया ने 5 वर्षीय बालिका को अपना शिकार बनाया सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से जिले के आल्हा अधिकारी मौके पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ने वन विभाग अधिकारी और तहसील कैसरगंज के उप जिलाधिकारी अखिलेश सिंह के साथ मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किए और घटना के बारे में जानकारी लेते शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तो वही जो कुछ लोग भेड़िया बता रहे हैं तो कुछ का कहना जंगली जानवर लेकिन उसे पकड़ने के लिए जाल और पिंजरे का इंतजाम किया गया। ड्रोन कैमरे के माध्यम से हिंसक जानवर को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। हालांकि ग्रामीणों के अनुसार दिन में भी गांव के अंदर देखा गया भेड़िया जिसे ग्रामीणों ने दौडाया। भेड़िया गन्ने के खेत में जा छिपावन विभाग के अधिकारी ओमकार यादव ने बताया की टीम गठित की जा रही जानवर को पकड़ने के लिए। धूप ज्यादा होने के कारण ड्रोन काम नहीं कर रहा है। ग्रामीणों में भय का माहौल है।

# छात्र का अपहरण करने की कोशिश

## कार में खींचा, छात्र ने कूदकर बचाई जान; पुलिस को सीसीटीवी में नहीं मिला सबूत

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के अमेठी में इन्हौना थाना क्षेत्र के बडनपुर गांव में एक छात्र के अपहरण का प्रयास किया गया। मजीद का बेटा मोहम्मद हसन शिवगढ़ में पढ़ता है। रास्ते में पेशाब करने के लिए रुके मोहम्मद हसन के पास एक कार आकर रुकी। कार में बैठे लोगों ने जगदीशपुर का रास्ता पूछा। इसी दौरान उन्होंने मोहम्मद हसन को जबरन कार में खींचने की कोशिश की। मोहम्मद हसन ने सूझबूझ दिखाते हुए चिल्लाकर कार से छलांग लगा दी और भाग निकला। छात्र ने बताया कि कार में 5-6 भगवाधारी व्यक्ति सवार थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। किसी भी कैमरे में घटना या बदमाशों की गाड़ी का कोई सबूत नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि 100 मीटर की दूरी तक के कैमरों में भी वारदात रिकॉर्ड नहीं हुई। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। कोई जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है और जांच कर रही है।

# सशस्त्र सीमा बल द्वारा 50 बोरी यूरिया खाद, 01 बोलेरो पिकअप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

## जब्त सामग्री कस्टम कार्यालय मिहिपुरवा के सुपुर्द

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। 09 सितम्बर 2025 को 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के सहायक उप निरीक्षक जडेजा सर सिंह के नेतृत्व में समवाय लौकाही से गश्ती दल ने सीमा स्तंभ संख्या 667/6 के निकट संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की। गश्त के दौरान, भारत से नेपाल की ओर सामान ले जाते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन को रोका गया। जांच में वाहन से 50 बोरी यूरिया खाद साथ के तीन तस्कर सहित बरामद की गई। जब्त किए गए बोलेरो पिकअप एवं खाद को आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत कस्टम कार्यालय, मिहिपुरवा को सौंप दिया गया। जिला कस्टम कार्यालय की टीम ने आगे की विधिक कार्यवाही हेतु उक्त सामान अपने कब्जे में ले लिया। यह कार्रवाई सीमा पर तस्करी की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने और उन्हें रोकने की दिशा में 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।



# कंचन कान्वेंट स्कूल में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

## शिक्षक हैं राष्ट्र के भाग्य विधाता: मनीष श्रीवास्तव

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल में एक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह व उपहार देकर उन्हे सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक एम0 श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भाग्य विधाता हैं, उसका स्थान समाज में सर्वोच्च है। को-डायरेक्टर संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि मां के बाद शिक्षक ही वह मार्गदर्शक हैं जो बच्चों को सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचाते हैं। डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु बालक की बुद्धि का सृजनकर्ता होता है। जो बीज शिक्षक बोता है, वही आगे चलकर छात्र के व्यक्तित्व और भविष्य का रूप निर्धारित करता है। विद्यालय परिवार ने सभी सम्मानित शिक्षकों व आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सम्मानित किये गये शिक्षकों में अमित श्रीवास्तव, के0के0 मौर्या, एस के सिंह , डॉ पंकज शुक्ला, रंजीत सिंह, मो. माजिद, प्रदीप श्रीवास्तव, अबरार अहमद, विजय मिश्रा, पवन सिंह, नसीब अहमद, शुभम सिंह,मालती सिंह, शीबा, प्रीति, सुधा सिंह, आयशा फातिमा, ज्योति सिंह, उर्फी शेख, क्षमा सिंह, उम्मे रूबी, प्रियंका गुप्ता, रामजी मिश्रा, रमाकांत त्रिपाठी, शुभम मौर्य, राम सिंह वर्मा, रूबी मौर्य, उर्फी शेख, श्रयांशी, कंचन, सिद्धार्थ चौधरी, दिव्यांशी सिंह, प्रियंका गुप्ता, प्रज्ञा पाण्डेय आदि को सम्मानित किया गया।

# अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

## चोरी की मोटरसाइकिल, कार समेत हथियार बरामद; दो आरोपी फरार

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में अमेठी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी और डकैती की योजना बना रहे पांच में से तीन अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मिली सफलता में मुखबिर की सूचना पर ग्राम उसरहा से अहोरवा भवानी मार्ग पर आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में रायबरेली के इमरान और सलमान तथा अमेठी का मोहम्मद अरबाज शामिल हैं। दो अन्य आरोपी सद्दाम और मंगा पासी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बांका, एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक हथौड़ी, एक पेचकस, एक प्लास और चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पांचों मिलकर रेकी कर गैंग बनाते और चोरी-डकैती की घटनाओं को अंजाम देते थे। इमरान ने खुलासा किया कि 4 अगस्त 2025 को उसने सद्दाम के साथ अयोध्या के सहादतगंज से अल्टो कार चुराई थी। इस कार का नंबर बदलकर गैंग के सदस्य बाराबंकी और अयोध्या के विभिन्न इलाकों से बकरियां चोरी करते थे। चोरी की गई बकरियों को अमेठी के शिवरतनगंज में मेहताब के घर लाकर इन्हौना के मुन्ना उर्फ चिकवा को बेच दिया जाता था। चोरी से मिली रकम को गैंग के सदस्य आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने खुलासे के आधार पर मठ नहर पुलिया पर मौजूद मेहताब और मुन्ना (चिकवा) को भी हिरासत में ले लिया। तलाशी में मेहताब से 2,000 रुपये नकद और मुन्ना से 3,000 रुपये नकद बरामद हुए। दोनों ने बताया कि यह रकम चोरी की बकरियों की बिक्री से बचा हुआ पैसा है। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने मौके से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पिता की हत्या के बाद बेसहारा हुए बच्चों की मदद

## लम्भुआ सीओ और चांदा कोतवाल ने राशन और आर्थिक सहायता दी



अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, किन्दीपुर बाजार में एक पिता की हत्या के बाद उनके बच्चों की मदद के लिए पुलिस आगे आई है। सीओ लम्भुआ अब्दुस सलाम और कोतवाली चांदा के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह बच्चों से मिलने पहुंचे। किन्दीपुर बाजार में महेश गौतम की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनकी पत्नी पूजा और उसके कथित प्रेमी जय प्रकाश यादव उर्फ डंगर को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। महेश की तीन संतानें- दो बेटियां प्रिया और सुंदरी और एक बेटा समर अब अपनी बूढ़ी दादी के साथ रह रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनके भरण-पोषण के लिए खाद्य सामग्री दी। साथ ही आर्थिक मदद भी की। स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस मानवीय कार्य की सराहना की है।

# एएमयू में शिक्षकों ने की हड़ताल, धरने पर बैठे

## प्रमोशन, इंक्रीमेंट जैसी मांगों को लेकर नाराजगी, रजिस्ट्रार गो-बैक के लगाए पोस्टर

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय में इंतजामिया से विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने हड़ताल कर दी। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (अमूटा) के शिक्षकों ने अपने कार्यालय के बाहर धरना दिया और इंतजामिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वहीं शिक्षकों ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के खिलाफ भी नारेबाजी की। उनका कहना था कि लंबे समय से शिक्षकों के प्रमोशन, डीपीसी, इंक्रीमेंट, नई भर्ती जैसी मांगें लंबित चल रही हैं। लेकिन इंतजामिया इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि एक महीने पहले ही हड़ताल की घोषणा की गई थी। अब शिक्षक आंदोलन करने को मजबूर हो गए हैं। एएमयू के शिक्षकों ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार आईपीएस इमरान की नियुक्ति पर भी सवालिया निशान लगाए। उन्होंने इल्लीगल रजिस्ट्रार गो-बैक के लगाए पोस्टर लगाए और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि एएमयू के रजिस्ट्रार की नियुक्ति गलत तरीके से हुई है। शिक्षकों का कहना था कि वह एक निर्धारित समय के लिए यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार बने थे। इसके बाद मानकों के वितरीत जाकर उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। कार्यकाल बढ़ाने के लिए यूनिवर्सिटी के नियमों को ताक पर रख दिया गया। अमूटा के शिक्षकों ने बताया कि यूनिवर्सिटी के स्टाफ से जुड़ी विभिन्न मांगों और समस्याओं के हल के लिए अमूटा ने इंतजामिया से मिलने का समय मांगा था। लेकिन वीसी की ओर से उन्हें मिलने का समय नहीं दिया।

## संक्षेप

### किसानों की फसलें जलभराव से बबार्द

**मोदीनगर में 6 गांवों के किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन**

मोदीनगर, भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अराजनैतिक के नेतृत्व में किसानों ने फसलों के नुकसान का मुआवजा मांगा है। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी ने मोहम्मदपुर आमद, मतोर, खिदोडा, झलावा और कुन्हैड़ा सहित 6 गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि खिदोडा-मोहम्मदपुर आमद मार्ग पर गौशाला के पास स्थित नाले की सफाई नहीं होने से फसलों में जलभराव हो रहा है। हर साल बारिश के मौसम में इस नाले के कारण हजारों बीघा फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर सिंचाई विभाग और प्रशासन जल्द ही नाले का सर्वे नहीं कराते और मुआवजा नहीं देते, तो वे मोदीनगर तहसील पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मोहम्मदपुर में रोहित त्यागी के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक लोगों ने भाकियू की सदस्यता ली। रोहित त्यागी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का महासचिव नियुक्त किया गया। प्रदर्शन में विशाल त्यागी, प्रशांत त्यागी, हरिंदर शर्मा, धीरज त्यागी समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।

### एलएलआरएम हॉस्पिटल में एक बेड पर 2 मरीज

**इमरजेंसी में स्ट्रेचर पर मरीज, कैंपस में घूम रहे कुत्ते**

मेरठ, एलएलआरएम मेडिकल अस्पताल में अव्यवस्थाओं की भरमार देखने को मिल रही है। कहीं मरीज इलाज के लिए इमरजेंसी में स्ट्रेचर पर लेटा दिखा तो कहीं मजबूरन बच्चे स्ट्रेचर खींच रहे। कई बेड पर दो-दो मरीज दिखे। कैंपस में कुत्ते टहल रहे। खाने-पीने के सामानों के ठेला लगाए जा रहे। मरीजों को बहला कर प्राइवेट वार्ड में ले जाने के लिए प्राइवेट एंबुलेंस वाले भी खड़े दिखे। सावन में बनाया गया अस्थायी कांवड़ वार्ड अब भी मरीजों के लिए नहीं खोला गया। जहां एक और अस्पताल में बेड फुल होने के कारण दो मरीजों का इलाज एक बेड पर चल रहा है वहीं इमरजेंसी में बने कांवड़ और डेंगू वार्ड पर ताले लगे दिखाई दिए।

### वन विभाग दफ्तर के बाहर 10 फीट का अजगर दिखा

**बुलंदशहर में वाहनों की आवाजाही के बीच घूमता रहा, विभाग ने रेस्क्यू किया**

बुलंदशहर, वन विभाग के दफ्तर के बाहर एक अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला। सड़क पर करीब 10 फीट लंबा अजगर घूमता हुआ दिखाई दिया। अजगर अचानक सड़क पर आ गया। वाहनों की आवाजाही के बीच वह लंबे समय तक सड़क पर घूमता रहा। राहत की बात यह रही कि अजगर ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि वन्यजीवों को सुरक्षित स्थानों पर ही रहना चाहिए। वन विभाग के दफ्तर के बाहर अजगर के मिलने से सवाल उठ रहे हैं।

# प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में शराब पार्टी

**पर्ची काउंटर पर बैठकर पी रहा था वार्ड ब्वॉय, सीएमओ ने बनाई जांच कमेटी**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, स्वरूपरानी अस्पताल में पर्ची काउंटर के अंदर शराब पार्टी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।कुछ लोग बैठे दिखाई दे रहे है। जिनके बगल में एक बोतल पानी और फाइबर के गिलास में पीला लिक्विड रखा हुआ है। जिसे लोग शराब बता रहे हैं। वीडियो में कुछ अन्य व्यक्ति भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लोगों के बीच बातचीत चल रही है। जिसमें शराब का जिक्र हो रहा है। वीडियो बनाने वाला व्यक्ति यह कह रहा है कि यह किसके लिए है, इसके लिए जिस पर बैठा हुआ व्यक्ति कहता है कि हाँ, इसके लिए है। अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नीलम सिंह ने बताया कि शराब पार्टी के दौरान वीडियो में दिखने वाले शख्स की पहचान वार्ड बॉय मोहित लाल के रूप में हुई है। तत्काल उसे हटाकर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में अटैच किया गया है। इसके साथ ही साथ इसकी जांच के लिए एक कमेटी भी बना दी गई है । स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल मेडिकल कॉलेज से अटैच हाईटेक चिकित्सा सुविधाओं के लिए जाना जाता है। यहां पर प्रयागराज मंडल के अतिरिक्त मिजार्पुर मंडल चित्रकूट, बांदा एवं अन्य जिलों के भी गंभीर मरीज इलाज के लिए भर्ती किए जाते हैं। इसके अलावा अस्पताल में प्रतिदिन 2000 लोगों से अधिक की ओपीडी की जाती है। स्वरूप रानी अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर कई बार सवाल खड़े होते रहे हैं। खुद डीएम मनीष कुमार वर्मा अपने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ छापेमारी कर व्यवस्था को दुरुस्त करने की कार्रवाई कर चुके हैं। एसआरएन अस्पताल में चिकित्सा की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी हाल ही में टिप्पणी की थी। इसके अतिरिक्त प्रमुख सचिव शिक्षा चिकित्सा सेवा को तलब कर अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया था।

# एक बार फिर भवानी सिंह के पुरवा गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**जिला सर्विलांस अधिकारी ने गांव का किया निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली की टीम एक बार पुनः ग्राम पंचायत पपरेंदा के मजरे भवानी सिंह का पुरवा पहुंची स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में कल 45 मरीजों का उपचार करते हुए चिकित्सकों ने निशुल्क दवा वितरण किया शिविर में मौजूद स्वयं चिकित्सा अधीक्षक अमौली डॉक्टर पुष्कर कटियार के नेतृत्व में मरीजों की सकुशल जांच की गई जहां 10 मरीज बुखार तथा अन्य 35 मरीज खांसी जुकाम तथा अन्य मर्जो के मिले चिकित्सा अधीक्षक द्वारा 10 मरीजों की मलेरिया टाइफाइड जांच की गई जो नकारात्मक निकली जिसे देखते हुए सभी प्रभावित 10 मरीजों के डेंगू टेस्ट के लिए ब्लड सैंपल लिये गये औचक निरीक्षण पर पहुंचे जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर केके सिंह एवं इपीडेमोलॉजिस्ट डॉक्टर अब्दुल्ला ने गांव में निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के प्रति नागरिकों को जागरूक किया वहीं चिकित्सकों की टीम ने गांव में दवा का छिड़काव कराया इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के साथ अन्य चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप डॉक्टर रामशंकर सीएचओ रूपरानी लैब टेक्नीशियन विकास समेत चिकित्सक कर्मचारी मौजूद रहे

# मार्ग दुर्घटना में दोनों मृतकों परिजनों से मिले बिंदकी विधायक



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। कस्बा निवासी युवक अजय कुमार उर्फ गोरे उम्र 28 पुत्र आसाराम तिवारी एवं कुलदीप कुमार उम्र 28 पुत्र गणपत कुशवाहा की मंगलवार को जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझेपुर आईटीआई के पास आटो लोडर एवं स्कूली बस की भिड़ंत में मृत्यु हो गई थी आकस्मिक घटना से दोनों ही युवकों के परिवारों में कोहराम मचा रहा बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने दोनों ही युवकों के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की इस दौरान बिंदकी विधायक के साथ प्रमोद शुक्ला कस्बे के समाजसेवी शिवा गुप्ता शुभम ठाकरे पिंटू चक विमलेश आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# रालोद का सदस्यता अभियान

❍ मुरादनगर में 50 से अधिक लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, राष्ट्रीय लोकदल की कार्यकारिणी विस्तार बैठक का आयोजन किया गया। रावली रोड स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की। बैठक का संचालन नीरज ने किया। कार्यक्रम में अरुण शर्मा ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमेन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि पार्टी की नीतियों को लेकर लोगों में जागरूकता है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने एक माह के लिए सदस्यता अभियान चलाया है। बैठक में मुरादनगर और आसपास के क्षेत्र के 50 से अधिक लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ने पटका पहनाकर सभी नए सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव



रणबीर दहिया, अजय पाल सिंह, नानक चंद शर्मा, अरुण दहिया, योगेंद्र पतला, अरुण चौधरी, जुनैद चौधरी, वीर सिंह, विनोद गौतम, दीपक चौधरी, सुनील नबीपुर, आलोक चौधरी, असलम खान, सतपाल सलेमाबाद, नीरज, पप्पू मिल्क और जागेश्वर त्यागी समेत कई नेता मौजूद रहे।

# सुभारती चौकी के पास फायरिंग

**बागपत निवासी छात्र को लगी गोली, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, जानी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक छात्र को गोली मार दी है। घायल छात्र का नाम फैसल पुत्र अजीज है। वो सुभारती यूनिवर्सिटी में होटल मैनेजमेंट का छात्र है। जो बागपत जिले का रहने वाला है। सेजल को पेट में गोली लगी है। उसे सुभारती अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रोजाना बागपत से मेरठ में पढ़ने आता है। बताया जा रहा है कि बाइक पर दो अज्ञात बदमाश आए। बदमाशों ने सुभारती चौकी से लगभग 200 मीटर की दूरी पर फायरिंग की है। फायरिंग मेरठ दिल्ली हाईवे की मास रिजॉर्ट के पास की गई। फायरिंग में गोली सेजल पुत्र अजीज निवासी बागपत के पेट में लगी है। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है मामले की जांच की जा रही है। बड़े भाई साकिब ने तहरीर दी है। फैसल 4 भाई हैं। सबसे बड़ा भाई खालिद फिर साकिब, इसके बाद तीसरे नंबर पर फैसल और छोटा भाई हसन है। एसपी देहात डॉ. राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एक छात्र पढ़ने के लिए आया था और आगे जा रहा था तभी उनको गोली मारी गई है। पेट के पास गोली लगी है उनका इलाज चल रहा है। छात्र की हालत सही है उसके परिजनों से संपर्क किया है। घायल छात्र के बड़े भाई साकिब की मेरठ में ससुराल है। ससुराल में साकिब का विवाद चल रहा है।



# चाप की दुकान पर हंगामा

❍ 7 युवक गिरफ्तार, दुकानदार से मारपीट और पुलिस से धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, थाना सिहानी गेट क्षेत्र से एक मामला सामने आया है, जहां कुछ युवकों की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक एक दुकान पर झगड़ा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यही नहीं, मौके पर पहुंची पुलिस से भी युवकों ने बदतमीजी और धक्का-मुक्की की। पुलिस के अनुसार, यह मामला चाप की दुकान का है। एसएचओ सचिन कुमार ने बताया कि शाम कुछ युवक दुकान पर पहुंचे और दुकानदार से किसी बात को लेकर कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। इसी दौरान दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन युवकों ने वहां भी शांत होने के बजाय पुलिस से धक्का-मुक्की और अभद्रता की। यह पूरा घटनाक्रम वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसएचओ सचिन कुमार ने बताया कि इस घटना में शामिल 7 युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है और सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

# निवेश के नाम पर 8.45 लाख की ठगी

**वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा फिर ऐप पर कराया रजिस्ट्रेशन, 12 बार में ट्रांसफर किए पैसे**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच देकर एक युवक को 8 लाख 45 हजार रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित चंद्रभान सिंह, जो एक निजी कंपनी में काम करते हैं, ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चंद्रभान ने बताया कि एक मई को उन्हें मार्गन स्टेनली एसेट मैनेजमेंट नाम के वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में कई लोग निवेश कर मुनाफे के स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे।

इसे देखकर उन्होंने भी निवेश करने का मन बनाया। शिकायतकर्ता ने गूगल पर कंपनी की जानकारी देखी तो वह वैध निकली। उन्हें अंदाजा नहीं था कि नामी कंपनी का नाम लेकर ठगी का खेल खेला जा रहा है। ठगों ने उन्हें अलग से निवेश संबंधी प्रशिक्षण भी देना शुरू किया। पहले छोटे निवेश पर जब मुनाफा मिला और आसानी से रकम निकल आई, तो चंद्रभान का भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने उन्हें एक ऐप पर रजिस्ट्रेशन कराया। ज्यादा मुनाफे के लालच में चंद्रभान ठगों के बताए निर्देश मानते गए। 3 मई से 15 मई 2024 के बीच उन्होंने 12 बार में कुल 8.45 लाख रुपए निवेश कर दिए। इस दौरान शिकायतकर्ता को एक ऐप पर पंजीकरण कराया गया। ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर के चंद्रभान ठग द्वारा दिए जा रहे निर्देश का पालन करते रहे। 3 मई से 15 मई 2024 के बीच उन्होंने 12 बार में 8.45 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब ऐप पर 37.50 लाख रुपए का बैलेंस दिखा, तो उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की, तब ठगों ने कहा कि उन्हें 10% टैक्स यानी 3.75 लाख रुपए और जमा कराने होंगे।

चंद्रभान ने और रकम जमा कराने से मना कर दिया। पहले तो ठग टरकाते रहे। फिर ठगों ने ग्रुप से बाहर कर संपर्क बंद कर लिया।



# सरकारी जमीन पर अवैध शराब ठेका

**मोदीनगर में प्रशासन ने क्रेन से हटवाया, मालिक को नोटिस के बाद भी नहीं हटाया था**

अमन लेखनी समाचार




मोदीनगर, ईशापुर गांव में सरकारी जमीन पर चल रहे देसी शराब के ठेके को प्रशासन ने हटा दिया। प्रशासनिक टीम ने क्रेन की मदद से यह कार्रवाई की। ठेके के अनुज्ञापी अजयपाल सिंहल को एसडीएम मोदीनगर ने दो दिन पहले नोटिस जारी किया था। नोटिस में ठेका हटाने का आदेश दिया गया था। लेकिन अजयपाल ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह मामला गांव के देवेंद्र की शिकायत पर सामने आया। एसडीएम ने शिकायत पर जांच कराई। लेखपाल ने मौके पर जाकर जमीन की पैमाइश की। जांच में पता चला कि नाले के पास स्थित शराब का ठेका सरकारी जमीन पर था। कार्रवाई के दौरान किसी तरह का विरोध न हो, इसलिए पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण रही। एसडीएम मोदीनगर अजित कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई ऐसी कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दादरी में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**1500 किलो सामग्री जब्त, 3 लोग गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोडाकी गांव में एक निर्माणाधीन मकान में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री का खुलासा किया। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में पटाखे और सामग्री बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामलखन (33) निवासी भनैडा खुर्द, थाना टीला मोड़, गाजियाबाद, आजाद (20) निवासी फरकनगर, और राजेंद्र (19) निवासी चकरिया, थाना बेहड़ा, बहराइच के रूप में हुई है। पुलिस ने फैक्ट्री से 1004 किलो तैयार अनार पटाखे और 100 बोरी नलकी बरामद की। इसके अलावा मैग्नीशियम पाउडर, स्मैक लेस पाउडर, कटन पाउडर, टीआई पाउडर समेत कई खतरनाक रसायन भी मिले। छापेमारी में 6 दाब मशीनें, एक इलेक्ट्रॉनिक दाब मशीन, स्प्रे मशीन और इलेक्ट्रिक कांटा जब्त किया गया। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी दशहरा और दीपावली के लिए बड़े पैमाने पर पटाखे तैयार कर रहे थे। पुलिस को इस गोरखधंधे की जानकारी लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के जरिए मिली थी। बरामद उपकरणों से साफ है कि यहां पटाखों का बड़े स्तर पर निर्माण और पैकिंग की जा रही थी। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया-मुखबिर की सूचना पर दादरी पुलिस ने छापेमारी कर फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।



# महागुन मार्डेन सोसाइटी में हंगामा

❍ निवासियों ने एओए अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सुरक्षा कर्मियों पर फेंकी स्याही

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा सेक्टर-78 स्थित महागुन मार्डेन सोसाइटी में बड़ा विवाद सामने आया। एओए अध्यक्ष सोमाधव यादव ने आरोप लगाया कि सोसाइटी के कुछ निवासियों ने उन पर, कोषाध्यक्ष राहुल गोयल और सुरक्षा कर्मियों पर स्याही फेंकी। इस संबंध में उन्होंने थाना सेक्टर-113 में शिकायत दर्ज कराई है। सोमाधव यादव ने बताया कि वह कोषाध्यक्ष के साथ एओए कार्यालय में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कुछ निवासी मिलने आए। उन्हें अंदर बैठाया गया और चर्चा शुरू हुई। लेकिन थोड़ी देर बाद उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और स्याही फेंक दी। दरअसल, सोसाइटी निवासी लंबे समय से एओए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि सोसाइटी में वर्षों से चुनाव नहीं कराए गए। कॉमन एरिया मेनटेनेंस (सीएएम) की राशि का भी हिसाब नहीं दिया जाता। हाल ही में मेनटेनेंस शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव से विवाद और बढ़ गया था, जिसे विरोध के बाद वापस लेना पड़ा। निवासियों ने एक स्पेशल मीटिंग कर एओए के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास किया और चुनाव कराने के लिए एक कमेटी गठित की है। इसी सिलसिले में शनिवार को भी निवासियों ने एओए अध्यक्ष से मुलाकात की थी, जहां हंगामा हुआ। एओए अध्यक्ष का कहना है कि निवासियों ने जानबूझकर माहौल बिगाड़ा। वहीं, पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।



# श्री गणेश हीरक जयंती महोत्सव का हुआ समापन, डॉ. संदीप ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। 75वां विशाल श्री गणेश हीरक जयंती महा महोत्सव 2025 में आज समापन समारोह की भव्य बेला पर समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं देवी पहलवान पूर्व पार्षद ने भगवान नटराज के समक्ष दीपांजलि एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सीताराम कुशवाहा एवं महोत्सव परिवार के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का बैच लगाकर अभिनंदन व प्रशस्ति चिन्ह देकर व पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया।महोत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को मोती माला, पट्टिका, प्रशस्ति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं शेष सभी बच्चों को मोती माला, पट्टिका और प्रमाण पत्र दिए गये, कार्यक्रम में सभी सहयोगियों का अभिनंदन किया गया। सुआटा गायन पर सुमित्रा देवी उनके साथियों का अभिनंदन किया गया। दामोदर, राजेश राय एवं विनोद ने मुख्य आयोजक सीताराम कुशवाहा को साफा बांधकर माला और शॉल से स्वागत किया।इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा गणेश उत्सव केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सृजनात्मकता का प्रतीक भी है।इस पावन अवसर पर मैं उन सभी कार्यकताओं को अभिनंदन करता हूँ, जिन्होंने अपनी निष्ठा, समय और श्रम देकर इस आयोजन को सफल बनाया। आपके प्रयासों से ही यह उत्सव अनुशासित, आकर्षक और प्रेरणादायी बन पाया है। साथ ही, मैं उन सभी प्रतिभागियों को भी बधाई देता हूँ जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किए। आप सभी हमारे समाज की नई ऊर्जा और सृजनशीलता के परिचायक हैं।आपकी उपलब्धियाँ हम सभी को प्रेरित करती हैं कि आने वाले वर्षों में भी हम इसी उत्साह और समर्पण से आयोजनों को भव्य और सफल बनायेंगे।

कार्यक्रम का संचालन गुंजन मुंबई एवं संजय राष्ट्रवादी ने किया अंत में रंजना, ऋषि, हर्षित ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में संजय राष्ट्रवादी संस्कार भारती, सुदर्शन शिवहरे पत्रकार, मनमोहन मनु ,महेश चंद्र कुशवाहा, डॉक्टर महेंद्र, राजेश राय, ऋषि, हर्षित, अंकित, मुनी, मनु, गोलू , यस, रंजना, गुड़िया, भारती, शिवओम, भजनलाल, उमेश, दीपेंद्र, सुनील, रविंद्र अग्रवाल, बबलू पेंटर, मिश्रा, रामसेवक मिठाईवाला, गोकुल, केशवानंद, अतर सिंह, सुमन शर्मा, मधु अग्रवाल, सुधा ,वीरेंद्र भदोरिया,उषा सहदेव मुंबई, वंदना कुशवाहा मुंबई, इंद्रजीत कुशवाहा मुंबई, रामकली, सुमित्रा देवी व संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, सुशांत गुप्ता, बसंत गुप्ता, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी- डॉक्टर चौहान

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ ने भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी मोबाइल बस लेकर चित्रकूट पहुंची। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि यहां पर कई विद्यालयों में यह मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी वाली बस पहुंचकर बच्चों को विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कराया जा रहा है। बच्चे मोबाइल प्रदर्शनी में बने मॉडल और मशीनों को देखकर बेहद प्रफुल्लित हैं उनमें वैज्ञानिक सोंच विकसित हो रही है विज्ञान प्रदर्शनी के प्रभारी श्यामू प्रसाद अमित कुमार, संगम सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक शोध विकसित करना है खास कर जो विज्ञान विषय लेकर छात्राएं पढ़ रहे हैं उन्हें किस तरह मॉडल बनाना है , कंप्यूटर, मोबाइल इलेक्ट्रिक उपकरण, ट्रांसफार्मर हाइड्रोलिक जेसीबी मशीन आदि तमाम तरह के मॉडल और मशीनें , यंत्र इसमें रखे हुए हैं, बच्चे उन्हें देखकर स्वयं भी मॉडल बन सकते हैं उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल की तरफ से बच्चों को आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ का भ्रमण भी कराया जा सकता है वहां पर और भी भारी संख्या में मॉडल रखे हैं बच्चे उन्हें देखकर अपने वैज्ञानिक सोंच को बढ़ा सकते हैं और खुद वैज्ञानिक बन सकते हैं। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के प्रधानाचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह चौहान ने इस सचल विज्ञान प्रदर्शनी को बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी ज्ञानवर्धक बताया इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि सरकार बच्चों में वैज्ञानिक सोंच विकसित करने के लिए हर विद्यालय में यह प्रदर्शनी भेज कर बच्चों के वैज्ञानिक सोंच को बढ़ाने का काम कर रही है इस मौके पर शिक्षक लालमन फूलचंद चंद्रवंशी डॉक्टर प्रदीप सिंह शंकर प्रसाद यादव महेंद्र शुक्ला सुनील शुक्ला ऋषि कुमार शुक्ला धीरेंद्र सिंह जयशंकर प्रसाद ओझा कीर्ति मिश्रा,अनमोल सिंह विवेक तिवारी वीरेंद्र शुक्ला रमेश राय , भरत सिंह,अरविंद यादव रामसिया वर्मा ज्ञानेंद्र चौधरी आरपी प्रजापति वीरेंद्र नाथ मिश्रा राकेश कुमार मिश्रा और धन निरंकारी संत पुष्पेंद्र सिंह प्रदीप शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## खास समाचार

# रायपुर पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व फरार चल रहे वांछित /वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना रायपुर पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय सोनभद्र द्वारा निर्गत वारण्ट के आदेश के क्रम में 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण 01- रमेश पुत्र रामसखी उम्र 45 वर्ष, 2. मल्लू पुत्र रामवृक्ष यादव उम्र 40 समस्त निवासीगण ग्राम सरईगढ थाना रायपुर सोनभद्र को आज दिनांक 10.09.2025 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

# पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट । दिनाँक-09.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी। अपराध समीक्षा गोष्ठी में सर्वप्रथम सैनिक सम्मेलन कर अधिकारी/कर्मचारीगण की समस्याओं की जानकारी कर सम्बन्धित को उचित निस्तारण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी थाना,चौकी/शाखा प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गय। अपराध समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को निम्नलिखित 17 विन्दुओं कानून और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर दिशा-निर्देश दिये गये। तथा पुलिस अधीक्षक ने कहा इन बिंदुओं पर प्रगति पर कार्य किए जाएं किसी के साथ अन्याय अनहोनी न होने पाए। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली, क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अजेय कुमार शर्मा, प्रभारी साइबर/मीडिया सेल निशिकान्त राय, वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी महिला/जनसूचना सेल जयप्रकाश उपाध्याय, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह एवं समस्त थाना,चौकी/शाखा प्रभारी उपस्थित रहे ।

# गाजीपुर में चारागाह में हरे चारे की कमी पर सीडीओ नाराज, कारण बताओ नोटिस

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में गोआश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोवंशों के भरण-पोषण के लिए चारागाह में हरे चारे की स्थिति की समीक्षा की गई ।जनपद में प्रगति कम पाए जाने पर सीडीओ ने सभी उप जिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर चारागाह में नेपियर घास लगाने का अभियान चलाने को कहा ।सीडीओ ने उप जिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। गोआश्रय में भूसा, हरा चारा और चोकर की व्यवस्था मानक के अनुरूप करने को कहा।जहां हरा चारा उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल साइलेज की व्यवस्था करने को कहा गया ।मानक के अनुरूप अद्यतन अभिलेख नहीं मिलने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सभी खंड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कंट्रोल रूम स्थापित कर गोआश्रयों में दी जा रही सुविधाओं की दैनिक फोटो और वीडियो से निगरानी करने को कहा गया।बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद कुमार शाही, परियोजना निदेशक दीन दयाल वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे

# एन. सी. सी. 101 बटालियन से कर्नल मौलिक चंद्रा का आगमन एवं कैडेट्स को संबोधन

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। डी ए वी पब्लिक स्कूल,परासी में एन. सी. सी. 101वीं बटालियन,मीरजापुर वाहिनी से कर्नल मौलिक चंद्रा का शुभागमन हुआ।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रचना दुबे ने उनका स्वागत उन्हें पुष्पगुच्छ देकर किया ।उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स के नामांकन में वृद्धि पर प्रसन्नता सहित संतोष जाहिर करते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा एन.सी.सी. सहभागिता को प्रमुखता देने हेतु आभार व्यक्त किया।उन्होंने नवनियुक्त कैडेटों को उनके कर्तव्य के प्रति आगाह किया और सच्चे मार्ग पर चलते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ एन सी सी कैडेट्स को कर्नल साहब ने यह भी अवगत कराया कि उन्होंने डी ए वी पब्लिक स्कूल पालमपुर से शिक्षा प्राप्त की है और उसी स्कूल में कारगिल के हीरो शहीद कर्नल विक्रम बत्रा भी पढ़ते थे ।शहीद विक्रम बत्रा कारगिल युद्ध में दुश्मनों से लड़ते हुए वीरगती को प्राप्त हुए। वे उनके सहपाठी रहे हैं।इस मौके पर संचालन विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक शिशिर श्रीवास्तव ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ खेल शिक्षक एस आर दास और श्रीमती प्रिया सिंह ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# जनपद में 12 व 13 सितम्बर को वृहद स्तर पर कार्यशाला का किया जायेगा आयोजन

**उद्यमियों, छात्र समूह की महिलाओं, व्यवसायि, श्रमिक संगठन से विकास के खाका तैयार करने हेतु लिए जायेगें सुझाव व अनुभव।**

**समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान में हर नागरिक का सुझाव है जरूरी–जिलाधिकारी।**

**युवा, शिक्षाविद, महिलाएं, श्रमिक सभी ने मिलकर लिखेगें विकसित यूपी के विजन 2047 का खाका–जिलाधिकारी।**

**हर नागरिक का विचार तय करेगा प्रदेश का भविष्य, समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल पर सुझाव भेज सकेंगे नागरिक।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत तीन महत्त्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें, इस कार्यक्रम में छात्र शिक्षक व्यवसायिक, श्रमिक संगठन, कृषक आम जनमानस के साथ विगत आठ वर्षो में प्रदेश की विकास यात्रा के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए राज्य के विकास हेतु रोड मैप पर चर्चा की जायेगी और उनसे फीड बैक लिया जायेगा, उक्त कार्यक्रम दो दिवसीय आयोजित किया जायेगा जनपद में उक्त कार्यक्रम को मूर्त रूप देने हेतु प्रपत्र प्रबुद्ध जन नामित किये गये है अजय कुमार उपाध्याय सेवानिवृत आईएस, रामकृष्ण चतुवेद्वी सेवानिवृत आईपीएस, डॉ रजनिश सिंह प्रोफेसर टी0डी0 कालेज जौनपुर, डा0 राकेश बाबू गौतम प्राध्यापक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि प्रौद्योगिक विश्विद्यालय कुमारगंज अयोध्या प्रतिभाग करेगें, उक्त प्रबुद्धजन दिनांक 12 सितम्बर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार सोनभद्र में सभी 12 सेक्टर के अधिकारी एवं व्यसायि तथा उद्यमियों से संवाद करेगें उद्यमियों राष्ट्रीय एवं राज्य पुरूस्कार प्राप्त महानुभावों एवं ख्यात प्राप्त बुद्धजीवों के साथ संवाद करेगें मध्यान्ह 12:00 बजे से 1:30 बजे तक कृषको एफपीओं के सदस्यों व कृषि विज्ञानिकों के साथ संवाद करेगें, अपरान्ह 03:00 बजे से 05:00 बजे तक राजकीय इंजिनियरिंग कालेज चुर्क सोनभद्र में उपस्थित छात्रों प्राध्यापको व शिक्षाविदों के साथ संवाद करेगें इसके पश्चात दिनांक 13 सितम्बर को विकास खण्ड चोपन में समूह की महिलाओं के साथ पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे से संवाद करेगें, इसके पश्चात अपरान्ह 12:30 बजे से 01:30 बजे तक राजकीय डिग्री कालेज ओबरा में उपस्थित छात्रों प्राध्यापकों व शिक्षाविदों के साथ संवाद करेगें, अपरान्ह 03:00 बजे से 05:00 बजे तक ओबरा तापीय परियोजना ओबरा के वीआईपी गेस्ट हाउस में श्रमिक संगठानों के साथ संवाद करेगें।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की जिलाधिकारी ने की बैठक

**केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की ऋण सम्बन्धी पत्रावलियों का ससमय निस्तारण बैंकर्स द्वारा किया जाये सुनिश्चित–जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो बैंकर्स जनमानस की सुविधा के अनुसार कार्य नहीं कर रहें हैं, वे अपने कार्य पद्धति में सुधार लायें अन्यथा की दशा में उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर पत्राचार किया जायेगा, बैंकर्स विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं और जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ नहीं मिल पा रहा है, ऐसे बैंकर्स अपने कार्यपद्धति में सुधार लायें, इस दौरान जिलाधिकारी ने बैंकर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद सोनभद्र में गरीब, असहाय लोग जैसे एन0आर0एल0एम0 समूह से जुड़ी महिला, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित सरकार द्वारा गरीब, असहाय को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है, इन जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने में बैंकर्स अहम भूमिका होती है, बैंकर्स केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों के पत्रावलियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे कि वह बैंकर्स के माध्यम से प्राप्त होने वाली ऋण की धनराशि से अपना रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें, इस दौरान जिलाधिकारी ने एन0आर0एल0एम0 समूह के महिलाओं के खाता खोलने, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पी0एम0 स्वनिधि, किसान क्रेडिट लोन, पी0एम0 सूर्यघर योजना के प्रगति की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि पत्रावलियों का निस्तारण समय से नहीं किया जा रहा है, उन्होंने पत्रावलियों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दियें, इस दौरान उन्होने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षा फसल बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इण्डिया, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री नाबार्ड द्वारा प्री-पोटेन्शियल लिंक्ड प्लान, वित्तीय परामर्श केन्द्रों की प्रगति, आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक जनपद-एक उत्पाद, कर्ज वसूली, किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ऋण वसूली की बिन्दुवार समीक्षा की।जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स रोजगार परक योजनाओं में सहयोग करते हुए स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने हेतु पत्रावलियों का ससमय निस्तारण किया जाये। बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति के दौरान जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, एल0डी0एम0 सलन बागे, संदीप मिश्रा लीड डिस्टीक आफिसर आर0बी0आई0, आनन्द कुमार पाण्डेय डी0डी0एम0 नाबार्ड, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र विनोद कुमार चैधरी, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी, डी0सी0एन0आर0एल0 श्रीमती सरिता सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहित जिले के सम्बन्धित बैंक प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहें।

# जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

**व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की धनराशि लाभार्थी के खाते में की जाये स्थानान्तरित – जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुई सम्पन्न। बैठक में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में निर्मित व्यक्तिगत शौचालयों की प्रगति की समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जो भी व्यक्तिगत शौचालय बनाये गये है उनका उपयोग नागरिक अवश्य करे इस हेतु उन्हे जागरूक किया जाये और जनपद में जो भी नये व्यक्तिगत शौचालय बनाये जाये वह लाभार्थी के खाते में धनराशि स्थानान्तरित करके ही बनाया जाये और शौचालय शुव्यवस्थित ठंग से बनाया जाये जिससे कि उसका उपयोग हो सके उन्होने कहा कि सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का निस्तारण सुचारू ठंग से किया जाये, इसके साथ ही फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु तैयार किए गए प्लान की समीक्षा की गई और कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाये। बैठक में जिला स्वच्छता समिति के समस्त सदस्य, अधिकारीगण तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में स्वच्छता के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समन्वित प्रयासों और बेहतर कार्ययोजना पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, ए0डी0पी0आर0ओ0 राजेश कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धिगण अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# करमा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व 25000/- रुपए के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। थाना करमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-106/2025 धारा-3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मुख्तार अहमद पुत्र स्व0 नसीरूद्दीन निवासी कुड़वा उर्फ ऊंचगांव थाना खीरी जनपद प्रयागराज उम्र लगभग 30 वर्ष लगातार फरार चल रहा था, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 25000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस टीम को विशेष निर्देश दिये गये । जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में आज दिनांक-10.09.2025 को थाना थाना करमा पुलिस द्वारा वांछित व 25000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुख्तार अहमद उपरोक्त को गिरफ्तार कर, विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

लाइफ Style

# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!



एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

हॉलीवुड मसाला

# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम



लॉस एंजिल्स। कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

लॉस एंजिल्स। लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

मुंबई। 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

मुंबई। सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहते थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

नई दिल्ली। कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

मुंबई। जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

मुंबई। एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



*स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल* : अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*



***ऋतिक रोशन*** : *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** : *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** : *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** : *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** : *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*

***रणवीर सिंह*** : *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** : *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** : *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** : *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** : *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*